दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 01 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 223 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## एसपी गोयल बनाए गए यूपी के नए मुख्य सचिव, ग्रहण किया पदभार

**लखनऊ।** शशि प्रकाश गोयल को उत्तर प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। उन्होंने कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार नहीं मिला है। नाम की घोषणा होते ही कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बताते चलें कि गोयल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह अभी तक मुख्यमंत्री के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी पद पर काम कर रह थे। मुख्यमंत्री के सबसे खास अफसरों में इनकी गिनती होती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुरूआती कार्यकाल से यह सीएम कार्यालय के प्रमुख अफसरों में एक रहे हैं।

**दी गई ये जिम्मेदारियां :** मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के रूप में कार्य करते समय एसपी गोयल के पास नागरिक उड्डयन, राज्य संपत्ति एवं प्रोटोकॉल विभाग की जिम्मेदारी भी थी। अब उन्हें मुख्य सचिव के पद पर तैनात करने के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, यूपीडा एवं उपशा का मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा यूपीडास्प के निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नागरिक उड्डयन और राज्य संपत्ति विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद को दी गई है।

मनोज कुमार सिंह 30 जून 2024 को मुख्य सचिव बनाए गए थे। वह गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राज्य सरकार ने उन्हें एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार को जुलाई के पहले सप्ताह में पत्र भेजा था। लेकिन, उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला। हालांकि इससे पहले केंद्र सरकार ने मुख्य सचिव रहे अनूप चंद्र पांडेय और दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल बढ़ाया था।



**मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव रह चुके हैं एसपी गोयल :** केंद्र सरकार द्वारा अभी तक जितने भी मुख्य सचिवों को सेवा विस्तार दिया गया था, उसका पत्र अंतिम दिन ही आया था। इसलिए ब्यूरोक्रेसी को गुरुवार की शाम तक का बेसब्री से इंतजार था। सभी की निगाहें केंद्र की ओर लगी रहीं। मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार न मिलने पर शाम को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव रहे एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बना दिया गया।

## जलभराव से रात भर लड़ते रहे निगम के अधिकारी
## गाजियाबाद में जगह-जगह संभाली टीमों ने कमान

### - जल भराव के हॉटस्पॉट पर नगर आयुक्त ने भी किया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार की रात जिस तरीके से गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश हुई उसके बाद जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। रात को जब जगह-जगह सड़कों पर जलभराव की शिकायतें नगर निगम के अधिकारियों और उनके अधीनस्थों पर पहुंचने लगी तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य से मालिक द्वारा रात्रि में भारी बारिश प्रारंभ होने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग और जल का विभाग के अधिकारियों के साथ कई जगह मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति को कंट्रोल करने के दिशा निर्देश दिए।

तो खुद उन्होंने कई स्थानों पर पहुंचकर पंप सेट लगवा कर पानी हटवाने का काम किया। इस दौरान गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में लगभग 90 पंप सेट के माध्यम से जल निकासी की कार्रवाई कराई गई है। हालांकि कई इलाकों में जलभराव की समस्या की वजह से लोगों को परेशानी हुई। तो कई जगह समय रहते मदद और राहत भी प्रदान करने का काम किया गया है।





### डायमंड फ्लाईओवर से लेकर अप्सरा बॉर्डर तक चले निगम के पंप सेट

करंट क्राइम : बुधवार की रात बारिश ने लोगों के जनजीवन को प्रभावित किया तो इसका असर जनजीवन पर भी देखने को मिला। जगह-जगह जलभराव के बाद जाम और जलजमाव की स्थिति हो गई। पानी भरने से यहां बेसमेंट डूब गए तो वहीं सोसाइटियों और बाजारों की दुकान भी जलमग्न हो गई। नगर निगम के अलग-अलग 90 पंप सेट के जरिए डायमंड फ्लाईओवर, यूपी गेट, लाल कुआं ,भोपुरा क्षेत्र, अप्सरा बॉर्डर सहित राज नगर एक्सटेंशन और इंदिरापुरम ,वसुंधरा जैसे इलाकों में भी क्षेत्रवासियों को जलभराव से राहत दिलाने के लिए देर रात तक पंपसेट चलाए गए ताकि जलभराव से लोगों को कम से कम नुकसान हो और परेशानी भी कम हो।



### नगर आयुक्त ने दिए थे 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद की सीमा में भारी बारिश होने और जल जमाव की वजह से परेशानी होने के लिए अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया था। इस दौरान मौके पर नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश ,महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद और आश कुमार सहित अन्य अधिकारी जल निकासी करने की व्यवस्था में जुटे रहे।



## कमिश्नरेट में बदले गए छह एसीपी के कार्यक्षेत्र, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की यात्रा रोकने वाले एसीपी का सर्किल छिना

### - बीते दिनों सीपी से मिले थे लोनी विधायक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शांतिपूर्वक कांवड़ यात्रा संपन्न होने के बाद बदलाव वाली संभावना जताई जा रही थी। जो गुरुवार को ही पूरी हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट में छह एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। तो वहीं एसीपी अंकुर विहार अजय सिंह जिनका भागवत कथा की शोभायात्रा निकालने को लेकर लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर से आमना सामना हुआ था। उनको सर्किल से हटाकर साइड पोस्टिंग दी गई है। बताया जा रहा है उनको लेकर विधायक नाराज चल रहे थे और बीते दिनों पुलिस कमिश्नर रे रविंदर गौड से उन्होंने शिकायत दी की थी। इसके साथ तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों को यातायात का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। तो वहीं एसीपी मोदी नगर ज्ञान प्रकाश राय को अंकुर विहार का नया एसीपी बनाया गया है। वह लगभग दो साल तक एसीपी मोदीनगर के पद पर तैनात रहे हैं।




### इन एसीपी को बदला गया

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सिसटम में ज्ञान प्रकाश राय को सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर से सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार बनाया गया है। वहीं जिले में आए अमित कुमार सक्सेना को सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय से सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर की जिम्मेदारी दी गई है। तो एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम बनाया गया है। सूर्यबलि मौर्य को सहायक पुलिस सुरक्षा हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा से सहायक पुलिस आयुक्त अपराध एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वितीय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अजय कुमार सिंह को अंकुर विहार सर्किल से हटकर सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय एवं सहायक पुलिस आयुक्त का तृतीय का अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही एसीपी उपासना पांडे को सहायक पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था से सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा एवं हिंडन एयरपोर्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिंडन एयरपोर्ट इन दिनों अधिक उड़ान शुरू करने वाला हवाई अड्डा बन चुका है, ऐसे में उनकी पोस्टिंग भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।











## दैनिक करंट क्राइम की खबर पर लगी मोहर
### अब कमिश्नरेट में तीन एसीपी संभालेंगे ट्रैफिक का जिम्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों दैनिक करंट क्राइम ने कॉलम पुलिसनामा में प्रकाशित किया था कि कमिश्नरेट के तीनों जोन में अब एक-एक एसीपी ट्रैफिक तैनात किया जाएगा। इस पर गुरुवार की रात मोहर लग गई है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा जो नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं उसके तहत अब जियाउद्दीन अहमद सहायक पुलिस आयुक्त से सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम बनाए गए हैं। तो वहीं सूर्य बली मौर्य को सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा हिंडन एयरपोर्ट से हटाकर सहायक पुलिस आयुक्त अपराध एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वितीय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं अंकुर विहार के एसीपी अजय कुमार सिंह को सर्किल से हटाकर सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात तृतीया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बता दें की दैनिक करंट क्राइम ने बीते दिनों खबर प्रकाशित की थी, जिसमें प्रमुखता से जानकारी दी गई थी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात व्यवस्था को सुधार और पहले से अधिक व्यवस्थित हुए जन सामान्य के लिए राहत वाला बनाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जल्द ही तीनों जोन में एसीपी अतिरिक्त यातायात तैनात किए जाएंगे। जो सही व सटीक साबित हुई है।



जल्द तीनों जोन में होंगे एसीपी ट्रैफिक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बहुत सारे अधिकारी हैं पर कुछ अधिकारियों की वर्किंग व व्यक्तित्व अलग ही देखने में आता है। तो पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक बात और कही जाती है कि कब कौन सा परिवर्तन हो जाए और कब कौन सा बड़ा फैसला ले लिया जाए, कहा नहीं जा सकता है। इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में एक एसीपी की टेंशन थोड़ी सी कम होगी तो कईयों की बढ़ेगी। तो जो नया आदेश आने वाला है उससे अधिकारियों का तीनों जोन में अटेंशन बढ़ेगी। पुलिस के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में अलग-अलग एसीपी ट्रैफिक

## स्विगी और ब्लिंकिट के भेष में लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने किया 'लंगड़ा'

### स्वॉट टीम पुलिस कमिश्नरेट, स्वॉट टीम डीसीपी ट्रांस हिंडन व लिंक रोड थानाध्यक्ष की टीम ने खोला केस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 24 जुलाई को लिंक रोड थानाक्षेत्र के बृज विहार में मानसी ज्वैलर्स की दुकान में दिनदहाड़े ब्लिंकिट और स्विगी की ड्रेस पहनकर बदमाशों द्वारा की गई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। गुरुवार को पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी कपिल कुमार गौतम और उसके साथी मनीष उर्फ मोनू को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में मुख्य आरोपी कपिल कुमार गौतम के दोनों पैर में गोली लगी है। तो मनीष उर्फ मोनू के एक पैर में गोली लगी।

पुलिस ने इसके साथ ही मोहम्मद मेहताब, दीपू को गिरफ्तार किया है। यह सभी लूट की इस सनसनीखेज वारदात में शामिल थे। इस मामले में पुलिस बिहार के रहने वाले आरोपी जयप्रकाश और चोरी की मोटरसाइकिल और हथियार उपलब्ध कराने वाले लोनी बॉर्डर निवासी अभिषेक की तलाश कर रही है। गुरुवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल द्वारा पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर इस घटना में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी गई है। पुलिस ने इस मामले में दो अवैध तमंचे, चार कारतूस, दो जिंदा कारतूस, लूट की घटना से संबंधित सोना और चांदी के जेवरात लगभग दो से ढाई किलो ,45 ग्राम सोना चांदी के जेवर बेचकर 65000 और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

**पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी कपिल कुमार गौतम और मनीष उर्फ मोनू गिरफ्तार**

## दिनदहाड़े दिया था घटना को अंजाम









### दिल्ली समझकर गाजियाबाद में घुस गए थे बदमाश और दिया था लूट की वारदात को अंजाम

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पकड़े गए आरोपी पहले भी दिल्ली से जेल जा चुके हैं। 2023 में भी इनके द्वारा लूट की इसी प्रकार वारदात की गई थी, यह वारदात करने से पहले रेकी नहीं करते थे और अधिकांश घटनाएं इनके द्वारा दिल्ली में ही की गई है। यह वारदात भी विवेक विहार इलाके के चक्कर में बृज विहार घुस गए थे और मानसी ज्वैलर्स के इन्होंने निशाना बनाया था। पुलिस ने बताया है कि इस पूरे मामले में कपिल, मेहताब, अभिषेक, मनीष उर्फ मोनू शामिल रहे हैं। तो दीपू हरिद्वार में जाकर माल बिकवाने में मदद करता है।



### सीसीटीवी की मदद से खुला केस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन में हुई मानसी ज्वैलर्स के यहां लाखों रुपए की लूट के मामले का पुलिस ने अभी आधा ही खुलासा किया है। इस मामले में ज्यादा माल और नकदी अभी बरामद नहीं हुई है जबकि इस मामले का मुख्य आरोपी बिहार समस्तीपुर का रहने वाला प्रकाश और लोनी बॉर्डर हाजी बेटा का निवासी अभिषेक फरार है। पुलिस को उम्मीद है कि एक टीम जो बिहार गई हुई है, वह भारी मात्रा में माल रिकवर कर सकती है। पुलिस के अधिकारियों का दावा है कि बदमाश रेकी नहीं करते थे और अगर सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलती तो दिन तक पहुंचना चुनौती पूर्ण भी हो सकता था।

### पहचान छुपाने के लिए पहनी थी डिलीवरी बॉय की ड्रेस

करंट क्राइम : पूछताछ में बदमाशों ने बताया है कि उन्होंने बलिकिट और स्विगी कंपनी के कर्मचारियों के कपड़े इसलिए पहने थे ताकि उन पर किसी को शक ना हो ।लोग उनको डिलीवरी बाय समझे और आसानी से उनकी किसी भी इलाके में एंट्री हो जाए। बता दें कि अमूमन सुरक्षा गार्ड और सोसाइटी में तैनात सुरक्षा कर्मी डिलीवरी बॉय को अधिक नहीं रोकते हैं और उनसे पूछताछ भी नहीं करते हैं। यही वजह है कि इन्होंन लूट की घटना को अंजाम दिया था, बताया जा रहा है कि इनमें से कई लोग पहले डिलीवरी कंपनियों में भी काम कर चुके हैं।



### वारदात के बाद हरिद्वार गए थे बदमाश और फिर बिहार को हुए रवाना

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम को खोलने में इंस्पेक्टर अनिल राजपूत स्वॉट टीम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और थाना लिंक रोड थानाध्यक्ष प्रीति सिंह और उनकी टीम का योगदान है । बताया जा रहा है कि 24 जुलाई को घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश सीधे हरिद्वार गए थे और फिर वहां आपस में बंटवारा करने के बाद एक टीम जिसमें बदमाश जयप्रकाश और अभिषेक है वह बिहार गई ताकि माल को खपाया जा सके और रकम लेकर वह वापस आए लेकिन पुलिस को उनके प्लान की जानकारी मिल गई और पुलिस की एक टीम अभी फिलहाल बिहार में ताबिश देने का काम कर रही है।

# बारिश और जलभराव से दिल्ली-एनसीआर त्रस्त

## गलियां बनीं झील, 4 अगस्त तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बीती रात करीब 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आधी रात के बाद तक जारी रहा। आज सुबह से कहीं हल्की बारिश की फुहारें तो कहीं झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बारिश से जहां एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी तरफ सड़कें तालाब बन गई। जगह-जगह जलभराव होने से लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बारिश के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। कई इलाकों में सड़कें तालाब तो गलियां और अंडरपास झीलों में तब्दील हो गए।





राजधानी में कल शाम 5 बजे जमकर बादल बरसे। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। जगह-जगह लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में शाम 5:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए भी बारिश की संभावना जताई है। 5 अगस्त तक अधिकतम तापमान 33 से 35 के आसपास रहने का अनुमान है।

राजधानी में फिर झमाझम बारिश वाला मौसम बन गया है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में 4 अगस्त तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। कुछ इलाकों में बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो इस हफ्ते दिल्ली में अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की घटनाएं भी देखी जा सकती हैं।

गाजियाबाद में देर रात हुई झमाझम बारिश से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़कों पर लबालब पानी भर गया। कई कॉलोनियों व मोहल्लों में लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। आधी रात को हुए जलभराव से लोगों को परेशानी भी हुई। मुख्य मार्गों के अलावा नेहरू नगर, अशोक नगर समेत विभिन्न इलाकों में देर रात कई जगह सड़कों पर घुटने तक पानी भरा हुआ था। बहुमंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट में भी पानी घुस गया। लोगों के पार्किंग में खड़े वाहन पानी में डूब गए। रात करीब 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आधी रात के बाद तक जारी था।

**नोएडा की सोसाइटियों के बेसमेंट बने तालाब, दर्जनों गाड़ियां डूबी :** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सोसाइटी में रहने वाले लोगों की गाड़ियां पानी में डूब गई। देर रात हुई बारिश ने बेसमेंट में खड़ी गाड़ियों को डुबो दिया।

निवासियों का आरोप है कि उन्होंने लाखों रुपए लगाकर फ्लैट लिया था समिति में हल्की सी बारिश में ही बेसमेंट में पानी भर गया पानी के निकलने की कोई भी बिल्डर की ओर से व्यवस्था नहीं की गई है जिससे उन्हें हर बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री राधा स्काई गार्डन ,महागुण माईवुड्स, गैलेक्सी रॉयल, अजनारा होम्स, सुपरटेक इको विलेज सहित दर्जनों सोसाइटियों में पानी बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को निकालने में सुबह कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ऑफिस के लिए तैयार होकर निकले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

# उपराष्ट्रपति चुनाव-2025 के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार, चुनाव आयोग ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार कर ली है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण जरूरी हो गया है। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।




आयोग ने एक बयान में कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिसूचना जारी होने की तिथि से यह सूची चुनाव आयोग के कार्यालय में बनाए गए विशेष काउंटर पर खरीदी जा सकेगी। अधिसूचना जल्द ही जारी होने की संभावना है।

धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को अपने इस्तीफे में लिखा, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं।

# मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी सात आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे।

### क्या है मामला?

29 सितंबर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे।

**कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं :** न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था।



### कोर्ट ने फैसले में क्या-क्या कहा?

अदालत ने कहा, 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है।'

कोर्ट ने कहा, 'अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी।




कोर्ट ने कहा, 'श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी।'

कोर्ट ने कहा, 'इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं।'

कोर्ट ने कहा, 'अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था।'

कोर्ट ने कहा, 'हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है।'

### साध्वी प्रज्ञा ने क्या कहा?

फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा, 'मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया।'

पुरोहित ने क्या कहा?

लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा, 'मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।'

### कौन-कौन आरोपी थे?

इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी।

# कैबिनेट ने रेलवे के 11 हजार करोड़ के 4 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए, 13 जिलों में बिछेंगी 574 किमी नई लाइन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को रेलवे मंत्रालय के चार बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इन चार परियोजनाओं पर करीब 11,169 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन प्रोजेक्ट्स से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों में रेल लाइन लगभग 574 किलोमीटर बढ़ेगी।



**और क्या-क्या खास है इस परिचयोजना में :** बता दें कि इन नए प्रोजेक्ट्स में इटारसी से नागपुर के बीच चौथी रेल लाइन बनाना, औरंगाबाद (जिसे अब छत्रपति संभाजीनगर कहा जाता है) से परभनी तक डबल लाइन बनाना, अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी तक तीसरी और चौथी लाइन बनाना और डंगोपोसी से जारोली तक तीसरी और चौथी लाइन बनाना शामिल है। इन नई लाइनों से ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी और रेल सेवा और बेहतर होगी। इससे रेल मार्गों पर भीड़ कम होगी और काम में तेजी आएगी।

**पीएम गति शक्ति योजना के तहत होगा काम :** मामले में केंद्र सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि विकास कार्य प्रधानमंत्री की गति शक्ति योजना के तहत हो रहे हैं। इस योजना का मकसद है अलग-अलग तरह के ट्रांसपोर्ट को जोड़कर बेहतर कनेक्टिविटी और सामान-ढुलाई की सुविधा देना। इन प्रोजेक्ट्स से करीब 2,309 गांवों के लगभग 43.60 लाख लोग सीधे लाभान्वित होंगे। ये रेल लाइनें कोयला, सीमेंट, कृषि के सामान, पेट्रोलियम उत्पाद और कंटेनर जैसे जरूरी सामानों के लिए बहुत जरूरी हैं। इनके बनने से सालाना 95.91 मिलियन टन ज्यादा माल रेल से भेजा जा सकेगा।

**पर्यावरण के नजरिए से भी सकारात्मक कदम :** वहीं पर्यावरण की नजर से देखें तो रेलवे एक साफ-सुथरा और ऊर्जा बचाने वाला साधन है।

इन प्रोजेक्ट्स से देश का तेल आयात कम होगा, 16 करोड़ लीटर तेल बचेंगे और करीब 515 करोड़ किलो कार्बन गैस कम उत्सर्जित होगी। ये फायदे 20 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर हैं, जो हमारे पर्यावरण के लिए बहुत अच्छे हैं। इस तरह ये परियोजनाएं न सिर्फ यात्रा और माल ढुलाई को आसान बनाएंगी, बल्कि पर्यावरण की रक्षा में भी मदद करेंगी।


## कार्यालय - नगर पालिका परिषद् खोड़ा - मकनपुर, गाजियाबाद

पत्रांक 721/न.पा.परि.खो.म./2025 — दिनांक 31 जुलाई, 2025

**-: अल्पकालीन कुटेशन आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद् खोड़ा-मकनपुर, जनपद-गाजियाबाद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, जलापूर्ति एवं अन्य विविध कार्यो को दृष्टिगत रखते हुये दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार दिनांक 01.08.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक कुटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं। कार्य / आपूर्ति का विवरण निम्नवत हैं-

| क्र0सं0 | कार्य/आपूर्ति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2736 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 2 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT1317 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 3 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT1316 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 4 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT1319 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 5 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2738 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 6 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2737 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 7 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2734 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 8 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2739 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 9 | ट्रैक्टर ट्रॉली सं0-UP14HT2735 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 10 | डम्फर सं0-UP14HT6392 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 11 | जे.सी.बी. सं0-UP14JT-7058 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 12 | जे.सी.बी. सं0-UP14HT-6838 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 13 | जे.सी.बी. सं0-UP14HT-0147 की सर्विस/ मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 14 | जे.सी.बी. सं0-UP14HT0146 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 15 | जे.सी.बी. सं0-UP14HT6839 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 16 | वाहन सं0-UP14JT7125 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 17 | वाहन सं0-UP14HT-5508 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 18 | वाहन सं0-UP14KT-6232 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 19 | ट्रैक्टर सं0-UP14AG-1318 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 20 | पोपलेन-1 की सर्विस/मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 21 | पोपलेन-2 की सर्विस/ मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 22 | वाहन सं0-UP14KT-5880 की सर्विस/ मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 23 | वाहन सं0-UP14KT-6232 की सर्विस/मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 24 | वाहन सं0-UP14NT-6492 की सर्विस/ मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 25 | निकाय कार्यालय हेतु फर्नीचर (सोफा) आपूर्ति का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 26 | निकाय क्षेत्र में 02 नग हाईमास्क लाईटों की मरम्मत का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 27 | आदर्श नगर नलकूप में स्लुस वाल्व एवं फिटिंग का आपूर्ति व स्थापना कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 28 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-23 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 29 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-31 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 30 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-23 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 31 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-29 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 32 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-10 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 33 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-29 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 34 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-02 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 35 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-09 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 36 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-33 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 37 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-25 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 38 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-31 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 39 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-14 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 40 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-11 की रिपेयरिंग का कार्य। | |
| 41 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-18 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 42 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-06 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 43 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-09 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 44 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0-08 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 45 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0-27 की रिपेयरिंग का कार्य । | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 46 | पम्पिंग सैट (पाईप सहित) की आपूर्ति कार्य । | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 47 | ट्रैक्टर सं0-UP14AG-1537 की सर्विस / मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 48 | ट्रैक्टर सं0-UP14AG-1551 की सर्विस/मरम्मत कार्य। | नगर निधि/रा०वि०आ० |
| 49 | ट्रैक्टर सं0-UP14AG-1546 की सर्विस/मरम्मत कार्य । | नगर निधि/रा०वि०आ० |

1. उपरोक्त कार्यों/आपूर्ति हेतु दिनांक 01.08.2025 के दोपहर 12:00 बजे कुटेशन/ई-निविदा आमन्त्रित किये जाते है। जो दिनांक 20.08.2025 को उपरान्त 02:00 बजे खोले जायेंगे। कुटेशनदाता/निविदादाता यदि चाहे तो कुटेशन /निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते है। यदि किसी कारणवश सक्षम स्तर के अधिकारी उस दिन उपस्थित नही रहते है तो किसी अन्य दिवस में कुटेशन / निविदा खोले जा सकते है।
2. जी०एस०टी० के अन्तर्गत आने वाली समस्त कटौतियां ठेकेदार / फर्म के बिल से नियमानुसार सम्बन्धित शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।
3. एक लाख रुपए अथवा उससे अधिक के कुटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।
4. कुटेशन/निविदा के साथ संलग्न / अपलोड अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर कुटेशन/निविदा निरस्त कर दिया जायेगा।
5. ऐसे कुटेशनदाता/निविदादाता जिनका अपराधिक रिकॉर्ड है, वह कुटेशन प्रक्रिया में भागीदारी नही कर सकेंगे।
6. कार्य/आपूर्ति से सम्बन्धित समस्त नियम, शर्ते व अनुमान तथा कार्यो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
7. किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये कभी भी निरस्त किया जा सकता है।
8. सशर्त कुटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।
9. कुटेशन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद-गाजियाबाद का होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, खोड़ा मकनपुर, गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



देखें, पृष्ठ 8



# नगर निगम ने दाखिल किया है हाईकोर्ट में 100 पेज का जवाब

## नहीं मिले गुरुवार को भी पार्षदों को बोर्ड बैठक के मिनट्स






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स को लेकर निगम के अधिकारी और पार्षद आमने-सामने हैं। नगर निगम में वो हो रहा है जो पहले नहीं हुआ। हाउस टैक्स को लेकर पहले एक बैठक हुई और उसमें प्रस्ताव निरस्त होने की बात कही गई। अधिकारियों ने इसे नहीं माना और हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को जारी रखा। पार्षदों ने मोर्चा खोला और फिर ये नौबत आई कि मेयर ने हाउस टैक्स को लेकर स्पेशल बोर्ड बैठक बुलाई। बोर्ड बैठक में मेयर मौजूद, पार्षद मौजूद और इन सबके साथ-साथ नगर निगम सदन के पदेन सदस्य सांसद और विधायक मौजूद। बैठक का सार ये रहा कि मेयर ने सर्वसम्मति से हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के अधिकारिक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त करने की घोषणा की। अगले दिन स्टोरी में मोड़ तब आया जब करदाताओं के फोन पर टैक्स जमा कराने के मैसेज पहुंच गए।

पार्षदों के पास फोन आने लगे और मेयर ने प्रेसनोट जारी कर कहा कि कोई कर नहीं बढ़ाया गया है। इसी बीच 30 जून को हुई बोर्ड बैठक की मिनट्स की डिमांड उठ गई। अधिकारी मिनट्स देने के बजाय इसे एक-दूसरे पर टालते रहे। जो तारीख तय हुई उस तारीख को मिनट्स नहीं मिले। पार्षद धरने पर बैठ गए और धरने पर बैठने से लेकर उठने तक के बीच जो तारीख मिली उस पर भी मिनट्स नहीं मिले। इन सबके बीच वो तारीख आ गई जब हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई होनी थी। मगर, जब तक गाजियाबाद नगर निगम का नंबर आया तब तक कोर्ट मुल्तवी हो गई। अब अदालत ने इस मामले में पांच अगस्त की तारीख लगाई है।

इसी बीच खबर ये है कि हाईकोर्ट में गाजियाबाद निगम ने काउंटर एफिडेविट दाखिल किया है। इस हलफनामे में नगर निगम ने अपना पक्ष रखा है। सूत्र बताते हैं कि हाउस टैक्स को लेकर पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की और इस रिट के जवाब में गाजियाबाद नगर निगम ने एक नहीं दो नहीं बल्कि 100 पेज का हलफानाम दाखिल किया है। पांच तारीख को ये देखना रोचक रहेगा कि गाजियाबाद नगर निगम ने उस मुद्दे पर कौन सा 100 पेज का जवाब बनाया है। जिस मुद्दे को इस प्रस्ताव को नगर निगम का सदन सर्वसम्मति से खारिज कर चुका है। 100 पेज में नगर निगम की पूरी कहानी है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम ने अपने 100 पेज के जवाब में उस इंदिरापुरम को आधार बनाया है जो इंदिरापुरम हाल ही में जीडीए से नगर निगम को हैंडओवर किया गया है। इंदिरापुरम क्षेत्र में भी नगर निगम के वसुंधरा जोन का हवाला दिया गया है। ये बताया गया है कि इस जोन से कर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके अलावा अन्य कई बातों का जिक्र हुआ है और पांच अगस्त को अदालत इन्हीं बातों को सुनेगी।

### अधिकारी बोले- मिनट्स तो महापौर देंगी: गौरव सोलंकी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। टैक्स बढ़ोत्तरी के आंदोलन को जन मुद्दा बनाकर इसे धार देने वाले पार्षद गौरव सोलंकी इस मामले को पूरी तरह से उठा रहे हैं। गौरव सोलंकी ने सबसे पहले पहली बैठक में ही कर बढ़ोत्तरी का विरोध किया था और उन्होंने लगातार इस मामले में आवाज उठाई है। उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि वह मिनट्स लेने के लिये नगर निगम गए थे और अब निगम अधिकारी कह रहे हैं कि 30 जून को हुई मीटिंग के मिनट्स तो महापौर ही देंगी। पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि अभी तो हमें यह भी देखना है कि जिस डिस्काउंट की घोषणा की गई थी वह 20 प्रतिशत डिस्काउंट दिया भी जा रहा है कि या नहीं। उन्होंने कहा कि ये आंदोलन जीवित रहेगा।

### आज नगर निगम में लैटर बम फोड़ेंगे पार्षद गौरव सोलंकी

करंट क्राइम। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले को उठाने वाले पार्षद गौरव सोलंकी ने एक बड़े मामले का खुलासा करने की तैयारी कर ली है। सूत्र बता रहे हैं कि पार्षद गौरव सोलंकी आज यानी शुक्रवार को नगर निगम में लेटर बम फोड़ेंगे। इस लेटर का मेटर जमीन से जुड़ा है। बताया ये जा रहा है कि नगर निगम की कोई कीमती जमीन है जिस पर किसी ने कब्जा कर लिया है और आरोप ये है कि इस कब्जे को मिलीभगत से कराया गया है। आज जब पार्षद गौरव सोलंकी नगर निगम में ये लेटर बम फोड़ेंगे तो जमीन का भी खुलासा हो जाएगा और कब्जा करने वाले के नाम का भी खुलासा होगा। इसी के साथ इस बात का भी खुलासा होगा कि किसने इस जमीन पर कब्जा किया है।

### आग लगी, लाइट कटी और आ गया करंट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम में इन दिनों गजब कहानी चल रही है। नगर निगम की मेयर, नगर निगम के पार्षद, विधानसभा के विधायक, लोकसभा के सांसद एक साथ सदन में बैठते हैं और सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव को निरस्त करते हैं और अगले ही दिन अधिकारियों के यहां से करदाताओं के पास फोन और मैसेज पहुंचने लगते हैं। मेयर घोषणा करती हैं लेकिन मैसेज जारी रहते हैं और इसी बीच पार्षद 30 जून वाली बोर्ड बैठक के मिनट्स मांगते हैं और अधिकारी इसे दो तारीखों वाले कैलेंडर पर टांगते हैं और फिर ये होता है कि पार्षद धरने पर बैठ जाते हैं। सरकार के पार्षद अपनी ही सरकार में धरने पर बैठते हैं। सरकार के पार्षद धरने पर बैठे हैं, सरकार के विधायक उन्हें मनाने पहुंचते हैं और सरकार के अधिकारी मिनट्स बुक फिर भी नहीं देते हैं। कमाल ये होता है कि पहले धरने पर बैठे पार्षदों की लाइट कट जाती है फिर नगर निगम के बेसमेंट में आग लग जाती है। अधिकारी बता देते हैं कि आग लगने के कारण लाइट नहीं है, लिहाजा अभी मिनट्स नहीं मिल पाएंगे। गुरूवार को पार्षद जब नगर निगम में मिनट्स लेने के लिये पहुंचते हैं तो नया मोड़ आ जाता है और पता चलता है कि नगर निगम की बिल्डिंग में करंट आ गया है। अब करंट है तो कौन बिल्डिंग में जाएगा लिहाजा फिर से पार्षद बैरंग लौट आते हैं। इतिहास में ये दर्ज हो जाता है कि लाइट कट जाएगी, आग लग जाएगी, करंट आ जाएगा, मगर मिनट्स नहीं मिलेंगे।

# जिला पंचायत गेम के खिलाड़ी पवन मावी का बड़ा दांव, लड़ेंगे अध्यक्ष का चुनाव

### रजापुर ब्लॉक सहित लोनी पंचायत में आ गए छह गांव




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला पंचायत चुनाव के खिलाड़ी माने जाने वाले पवन मावी ने एक बड़ा दांव चला है और इनके इस दांव से यहां जिला पंचायत का गेम लोनी की तरफ मूव कर गया है। दरअसल लोनी विधानसभा में अब नया परिसीमन हुआ है इसके बाद रजापुर ब्लॉक लोनी में शामिल हो गया है। इस नवीनीकरण के बाद वार्ड-10 की पहचान लोनी रजापुर ब्लॉक के रूप में होगी। इस परिसीमन के बाद ये माना जा रहा है कि यहां से जिला पंचायत अध्यक्ष के लिये पवन मावी ने दावेदारी ठोंक दी है।

पवन मावी की पत्नी लक्ष्मी मावी इससे पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। पवन मावी इस गेम का वो चेहरा हैं जिन्होंने भाजपा में पोस्टर फाड़कर एंट्री ली थी और उन्होंने पहले दिल्ली से भाजपा ज्वाइन की और फिर जिला पंचायत गेम में एंट्री ली। उसके बाद जिला पंचायत गेम के इस खिलाड़ी ने पूरे गेम को अपने पक्ष में लिया और नूर हसन मलिक, अनिल कसाना सहित कई खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए ये गेम अपने नाम किया था। इस नए परिसीमन के बाद ये माना जा रहा है कि पवन मावी ने अभी से जिला पंचायत की तैयारी कर ली है। पवन मावी ने एक बड़ा उलटफेर किया है। इस परिसीमन को आम नहीं माना जा सकता, क्योंकि परिसीमन के बाद लोनी की ताकत बढ़ी है और पूरा का पूरा राजनीतिक परिदृश्य बदला है।

### 32 हजार वोट, छह गांव और बदलेगा इस तरह से समीकरण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रजापुर ब्लॉक अब लोनी में शामिल हो गया है। अब इसका नाम जिला पंचायत क्षेत्र का वार्ड-10 होगा। इसमें जो गांव शामिल हुए हैं उनमें सिरोरा, भूपखेड़ी, मोहम्मदपुर, रिस्तल, कोतवालपुर, चिरोड़ी, राजपुर, भनेड़ा, अफजालपुर, असालतपुर, फर्रुखनगर, मथुरापुर, शमशेर, नंगला, मोहनपुर, भोवापुर और मोरटी हैं। रजापुर ब्लॉक वार्ड-10 में जाने के बाद यहां 32 हजार वोट लोनी की शामिल होंगी। लोनी के जिला पंचायत क्षेत्र में यह 16 गांव भी आएंगे।

### इस तरह से बदलेगा लोनी की जिला पंचायत चुनाव का गेम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रजापुर ब्लॉक लोनी में शामिल हो गया। इसके बाद से छह गांव ऐसे हैं जहां प्रमुखी पर असर पड़ेगा। आठ बीडीसी सदस्य लोनी, मोरटी, भोवापुर के होंगे। जिला पंचायत क्षेत्र लोनी में टोटल गांव 16 होंगे। मुरादनगर का रजापुर ब्लॉक अब लोनी में होगा। परिसीमन के बाद जावली और निस्तौली लोनी नगर पालिका में शामिल हो गए। इसके अलावा टीला, सकरानी, बंथला, इलायचीपुर, खानपुर, अगरोला, डूंगरावली अब लोनी नगर पालिका में चले जाएंगे। लोनी में पहले तीन वार्ड होते थे। जिला पंचायत के इस परिसीमन के बाद अब जिला पंचायत में दो वार्ड होंगे। पहले यहां वार्ड संख्या-12 में जावली, 13 में टीला और 14 में मंडौला वार्ड होते थे।

### जिला पंचायत गेम में रहेंगे पवन मावी इस बार हावी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पवन मावी जिला पंचायत गेम के खिलाड़ी हैं। इसमें कोई शक नहीं है उन्होंने यहां दिल्ली से एंट्री ली और अपने तमाम विरोधियों को छकाते हुए जिला पंचायत की कुर्सी पर अपनी पत्नी लक्ष्मी मावी को अध्यक्ष बनाकर बिठाया था। वो जिला पंचायत गेम के बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी मावी वार्ड-13 से 2015 में जिला पंचायत सदस्य बनीं थीं और फिर लक्ष्मी मावी जिला पंचायत अध्यक्ष बनी थीं। ये वही साल था जब पवन मावी ने दिल्ली से भाजपा की सदस्यता लेते हुए एंट्री ली थी। पिछली बार सियासी लॉबी ये मानती है कि अगर पवन मावी ने तीन सीटों पर अपने ही परिवार के लोगों को ना लड़ाया होता और पूरा फोकस एक सीट पर लगाया होता तो यहां रिजल्ट कुछ और होता। इस बार ये माना जा रहा है कि जिला पंचायत गेम का ये बड़ा खिलाड़ी पहले से तैयारी कर रहा है और परिसीमन घोषित होने के बाद ये दांव उनके पक्ष में गया है।

# चर्चा : भोले बाबा की हुई कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पर विशेष कृपा

## जापान में प्राकृतिक आपदा से पहले हुआ दौरा निरस्त



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिये जापान जाना था। मुख्यमंत्री ने उनका नाम प्रस्तावित किया था और कैबिनेट मंत्री का जाना फाइनल था। उन्हें 26 जुलाई को जापान जाना था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सनातन धर्म के प्रति पूरी तरह समर्पित है। वो देवादिदेव महाशिव के परमभक्त हैं। वो पूरे सावन माह सात्विक रूप से आहार ग्रहण करते हैं। सावन माह में प्रतिदिन उनका कई घंटों का पूजा-अर्चना कार्यक्रम रहता है। इसी बीच जब सावन माह में जापान जाने का निमंत्रण मिला तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया और अपनी शिवभक्ति और आस्था के बारे में बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निवेदन को स्वीकार किया। उनका जापान टूर एक्सटेंशन हो गया है और जो खबर जापान से आ रही है वो ये बता रही है कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पर वास्तव में भोले बाबा की कृपा रही है। सावन माह में वो शिव की भक्ति में लीन हैं। अगर वो जापान में होते तो उन पर भी सुनामी का कहर हो सकता था, क्योंकि वहां भूकंप आया है और आसपास के देशों सहित जापान में भी सुनामी को लेकर अलर्ट किया गया है। ऐसे में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का ये एक्सटेंशन उन्हें एक बड़ी टेंशन से निकाल लाया है। कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि उन पर वास्तव में भोले बाबा की कृपा हुई है। क्योंकि रूस में भूकंप आया था और उसके बाद सुनामी का अलर्ट हुआ। चेतावनी जारी हुई।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने की लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

## शहर विधायक संजीव शर्मा के साथ देखा विधानसभा का रिनोवेशन लुक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद लोकसभा वाले सांसद अतुल गर्ग लखनऊ में विधानसभा में मौजूद थे। खास बात ये है कि उनके साथ शहर विधायक संजीव शर्मा भी मौजूद थे। लोकसभा वाले आखिर अपनी लोकसभा को छोड़कर लखनऊ विधानसभा में क्या करने गए हैं इसको लेकर जो जिज्ञासा थी उसे करंट क्राइम ने शांत की। करंट क्राइम ने लखनऊ विजिट को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की। ये जाना कि आखिर लोकसभा वाले विधानसभा में क्यों गए हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि वो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिले। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें विधानसभा का नया रिनोवेशन लुक दिखाया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि लखनऊ में विधानसभा में जाकर पुराने साथियों से मिले, पुरानी यादें ताजा हुईं। इस दौरान लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लखनऊ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय भी गए। इस दौरान गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा उनके साथ रहे। विधानसभा के नए रिनोवेशन लुक को देखकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि बहुत खूबसूरत कार्य हुआ है और यह बिल्कुल मुगल-ए-आजम का शीशमहल लग रहा है। इसी दौरान ये भी पता चला कि कोई जरूरी काम था जिसके चलते लखनऊ में गाजियाबाद के लोकसभा के सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा एक साथ थे। दोनों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की। सांसद अतुल गर्ग भाजपा के प्रदेश कार्यालय भी गए और सुनने में आ रहा है कि कोई जरूरी काम भी था। माना जा रहा है कि कुछ दिनों में कैबिनेट का विस्तार होने वाला है और नए लुक की विधानसभा में जरूरी काम से सांसद का विधायक के साथ लखनऊ में होना कुछ तो इशारा कर रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट में कई प्रभारी बदले गए, कई को मिला थानों का चार्ज














**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गुरुवार की रात एसीपी की लिस्ट आने के बाद थाना प्रभारियों के स्तर पर भी बड़ी कार्रवाई और बदलाव किया गया है। इसके तहत इंस्पेक्टर अरविंद पाठक वाचक अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था को थाना प्रभारी लिंक रोड बनाया गया है। वहीं निरीक्षक योगेंद्र पंवार अतिरिक्त निरीक्षक थाना मसूरी को थाना अंकुर विहार का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही घंटाघर कोतवाल अनुराग शर्मा को कवि नगर थाने की कमान सौंपी गई है। तो निरीक्षक धर्म पाल प्रभारी नंदग्राम को थाना प्रभारी घंटाघर कोतवाली बनाया गया है। निरीक्षक उमेश कुमार वाचक पुलिस आयुक्त थाना प्रभारी नंदग्राम बनाए गए हैं। तो निरीक्षक मनोज कुमार अतिरिक्त साहिबाबाद को थाना प्रभारी एएचटीयू की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रभारी कांवड़ सेल रहे निरीक्षक चंद्रकांत पांडे को वाचक अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। थाना कवि नगर के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र मलिक को वाचक पुलिस उपयुक्त ट्रांस हिंडन भेजा गया है। उप निरीक्षक सरिता देवी को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। तो चौकी प्रभारी अभय खंड सचिन कुमार को थानाध्यक्ष भोजपुर और थानाध्यक्ष अंकुर विहार रविंद्र सिंह कंबोज को पुलिस लाइन भेजा गया है। बताया जा रहा है कि यह परिवर्तन कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के तीनों जोन में बेहतर कानून व्यवस्था और कमिश्नरेट में अपराध नियंत्रण को लेकर किया गया है।

### पुलिस कमिश्नर ने मंथन के बाद निकाली है लिस्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में वाले गुरुवार की रात जो थाना प्रभारियों की लिस्ट आई है, उसके लिए बीते कई दिनों से मंथन चल रहा था। इसमें डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों की भी कुछ चेहरों के लिए राय ली गई है। तो वही एडिशनल सीपी और डीसीपी मुख्यालय की भी सहमति देखने को मिली है। सूत्र बता रहे हैं कि अब लंबा त्यौहार सीजन है, जिसके बाद ही कमिश्नरेट में कोई परिवर्तन वाली लिस्ट जारी की जाएगी।

## संपादकीय

# पर्यावरण को बचाना बड़ी चुनौती

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। देश भर के जंगलों में जिस तरह से अतिक्रमण और खनन के साथ मानवीय हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे बाघों का सुरक्षित पर्यावास खतरे में है। वनों की लगातार कटाई ने उनके लिए आहर की चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं। जंगलों के भीतर सड़कों के निर्माण और कोलाहल बढ़ने से प्राकृतिक माहौल का संतुलन बिगड़ा है। नतीजा यह कि अब बाघ जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। भोजन-पानी की तलाश में भटकते ये वन्य जीव मनुष्यों के लिए तो खतरा बने ही हैं, साथ ही उनके जीवन पर भी संकट बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। इस रपट ने अभयारण्यों की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को भी उजागर किया है।

बाघों के लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। सवाल है कि अभयारण्यों में आवाजाही के लिए बने गलियारों से बाघ और तेंदुए गांवों एवं शहरों तक कैसे पहुंच जाते हैं? क्या उनके लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। क्या बाघों की निगरानी के लिए अब तक मजबूत तंत्र नहीं बन पाया है? अगर कहीं बाड़बंदी नहीं है और बाघ निर्धारित दायरे से बाहर निकलते हैं, तो समय रहते ऐसी घटनाओं का पता क्यों नहीं लगाया जाता। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के बावजूद बाघों की नियमित निगरानी क्यों संभव नहीं हो पा रही है। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जंगलों में बाघों के लिए भोजन का अभाव है? मध्य प्रदेश में दो दशकों में जिस तरह वनों की कटाई हुई है, उसका परिणाम सामने हैं। यहां चार वर्ष के भीतर अभयारण्यों से बाहर निकले नब्बे बाघों की मौत कोई साधारण घटना नहीं है। शासन व प्रशासन को बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह सब आधी-अधूरी योजनाओं से नहीं, बल्कि नवोन्मेषी उपायों से ही संभव हो पाएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।
- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्टसओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि ( नकल ) करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा। इसके परिणामस्वरूप बाजार का एक वर्ष स्वयं को मिला।
- एडिसन ने साल 1903 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।

## राशिफल

**मेष :** नौकरी में तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा और पदोन्नति के भी योग बनेंगे। मेष और सिंह का सहयोग ले सकते हैं। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृष :** नौकरी और व्यवसाय के लिए अनुकूल है और इस राशि से तृतीया का गोचर छात्रों को लाभ देगा। धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। सफेद और नारंगी रंग शुभ हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धन और ऐश्वर्य देने वाला है। बिजनेस अपना फुल फॉर्म ले लेगा। परिवार के साथ यात्रा हो सकती है। नीला और हरा रंग शुभ हैं।

**कर्क :** इस राशि में सूर्य के गोचर से नौकरी में बहुत सुखद समाचार सुनने को मिल सकते हैं। आप हर कार्य में सफल होंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**सिंह :** इस सप्ताह व्यापार में विशेष प्रगति हो रही है। पैसों के खर्च को लेकर सावधान रहना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में सूर्य और चंद्रमा के गोचर से आपको लाभ हो सकता है।

**कन्या :** व्यापार बहुत अच्छा रहेगा। प्रतिदिन माता दुर्गा और शिव के मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद लें। पैसा आएगा। नौकरी में तरक्की की संभावना है।

**तुला :** नौकरी को लेकर कुछ तनाव रहेगा। शुक्र और चंद्रमा का गोचर व्यापार में लाभ प्रदान करेगा। हनुमान जी की पूजा करते रहें। मेष राशि के मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** बैंकिंग से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक प्रगति से आप प्रसन्न रहेंगे। आप एक नई व्यावसायिक योजना पर निर्णय ले सकते हैं।

**धनु :** धन की प्राप्ति शुरू होगी। परिवार में कुछ तनाव हो सकता है। व्यापार में रुके हुए धन के आगमन से प्रसन्नता होगी। राजनीति में विशेष लाभ का योग है।

**मकर :** आपको आर्थिक सफलता मिलेगी। बैंकिंग, आईटी और टीचिंग में काम करने वालों की तरक्की होगी। हरा और बैंगनी रंग शुभ होता है।

**कुंभ :** शनि अभी इस राशि से बारहवें भाव में है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। व्यापार से जुड़ा कोई नया काम शुरू होगा। भगवान शिव की नित्य पूजा करें। हरा शुभ है।

**मीन :** गुरु अभी इस राशि में है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। सूर्य का पंचम गोचर अत्यंत फलदायी है। पैसों के लेन-देन के प्रति सचेत रहें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# ट्रंप के टैरिफ बम से बाजार में गिरावट सेंसेक्स 296 अंक टूटा, निफ्टी भी लुढ़का



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के फैसले के बाद शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 296.28 अंक गिरकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 86.70 अंक गिरकर 24,768.35 अंक पर आ गया।

अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले का असर घरेलू बाजार में देखने को मिला। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 296.28 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 786.71 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 80,695.15 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 86.70 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 24,768.35 अंक पर बंद हुआ।

### अमेरिका की दबाव बनाने वाली रणनीति

टैरिफ की इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। इसने हाल के दिनों में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। यह जुमार्ना ऐसे समय लगाया गया है जब भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीदारी की है। भारत रूसी आयात के लिए जुमार्ना झेलने वाला पहला देश है।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल?

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। वहीं एफएमसीजी प्रमुख हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने 3.48 प्रतिशत की छलांग लगाई, क्योंकि फर्म ने वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में 5.97 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,768 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा इटरनल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और पावर ग्रिड भी लाभ में रहे।

# राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को मिलेगी 2000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता, कैबिनेट की मंजूरी मिली



**नईदिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 2025-26 से 2028-29 तक 4 साल की अवधि के लिए 2000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र योजना 'राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को अनुदान सहायता' की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है। सरकार की ओर से बताया गया है कि वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक 4 वर्षों की अवधि के लिए अनुदान सहायता पर 2000 करोड़ रुपये का परिव्यय किया जाएगा। एनसीडीसी चार वर्षों की अवधि में खुले बाजार से 20,000 करोड़ रुपये जुटा सकेगी। एनसीडीसी की ओर से नई परियोजनाओं की स्थापना/संयंत्रों के विस्तार, सहकारी समितियों को ऋण देने और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण देने हेतु निधियों का उपयोग किया जाएगा।

### डेयरी, पशुधन, चीनी व खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमों को मिलेगा लाभ

सरकार ने बताया है कि इस कदम से देश भर में डेयरी, पशुधन, मत्स्य पालन, चीनी, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और कोल्ड स्टोरेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 13,288 सहकारी समितियों के 2.9 करोड़ सदस्यों; श्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को लाभ मिलेगा। वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को चार वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी है। इस कदम से संगठन को ऋण देने के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलेगी।

### आर्थिक मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति ने लिया निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, एक अच्छे वित्तीय मॉडल को और अधिक समर्थन देने के लिए, मंत्रिमंडल ने एनसीडीसी के लिए चार वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी अनुदान सहायता को मंजूरी दी।

## चुटकुले

एक दिन की बात है पप्पू
अपने दोस्त के साथ सिनेमा हाल में फिल्म देखने गया
फिल्म देखते-2 बार-बार टायलेट जाता, बैठता
फिर जाता।
अब उसके दोस्त को गुस्सा आ गया और वो पप्पू से
बोला- अबे तुझे चैन नहीं है क्या
जो बार बार जाता है ?
पप्पू धीरे से बोला- यार 'चैन' तो है
पर साली खुल ही नहीं रही यार !

प्रोफैसर ने क्लास में पुछा गाली की परिभाषा बताओ।
स्टूडेंट बोला-अत्यधिक क्रोध आने पर शारीरिक
रूप से हिंसा न करते हुए, मौखिक
रूप से की गयी हिंसात्मक
कार्यवाही के लिए चुने गए
शब्दों का समूह , जिसके उच्चारण के
पश्चात मन को असीम शांति का अनुभव
होता हैं, उसे हम गाली कहते हैं !!
प्रोफेसर-आपके चरण कहाँ हैं प्रभु

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ से भारत की जीडीपी पर दबाव पड़ने की आशंका, निर्यात होगा प्रभावित



**नई दिल्ली।** ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात जीडीपी का 2.2 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि टैरिफ से जुड़ी घटनाक्रम का प्रत्यक्ष प्रभाव गंभीर होगा। बाजार के विशेषज्ञों ने इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की।

भारत पर रूस के साथ व्यापार करने के लिए 25 प्रतिशत का टैरिफ और अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाने के निर्णय से आर्थिक विकास में कुछ कमी आएगी। कपड़ा, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, कृषि उत्पाद और मशीनरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। दोनों देशों का व्यापार समझौता तेजी से होने की उम्मीद बाजार के विशेषज्ञों ने इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की। उनका कहना है कि भारतीय रुपए में आई कमजोरी अगर आगे बनी रहती है, तो वैश्विक स्तर पर भारतीय वस्तुओं की मूल्य प्रतिस्पर्धा में सुधार करके इसके प्रभाव को कम कर सकती है।

### जीडीपी में 20 से 30 आधार अंकों की गिरावट आने का अनुमान


मॉर्गन स्टेनली के अनुसार कुल मिलाकर अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात जीडीपी का 2.2 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि टैरिफ से जुड़ी घटनाक्रम का प्रत्यक्ष प्रभाव गंभीर होगा। साथ ही अगले दौर की वार्ता के घटानक्रम पर नजर रखने की जरूरत है।

## 01 08 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन




तापसी पन्नू
अभिनेत्री



डॉ. रंजना मिश्रा | हृदय कंसल | बंटी मौर्या | दक्ष त्यागी



एमएल सेठी | विनोद कसाना | राजीव त्यागी (ब्लॉक प्रमुख) | सुबोध शर्मा | योगेश त्यागी



अशोक पांडेय | बृजपाल चौधरी | चंद्रपाल सिंह | दिनेश शर्मा | दीपक नेहरा



गौरव मिश्रा | इरशाद खान | जयपाल यादव | बिजेन्द्र कुमार प्रजापति | ओंकार द्विवेदी



पद्म सिंह | पराग कौशिक | पवन कुमार सैन | पवन | राघव गुप्ता



राजा खान | रमेश सिंह चौहान | बिजेन्द्र कुमार सिंह | उदय अरोरा | रामपाल चौधरी | शैलेंद्र सिंह



दीपक कटारिया | सुनील विक्रम सिंह | शुभहरि नागेश शर्मा | उत्कर्ष शर्मा | यामीन मलिक | अंकित गुर्जर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# आकार लेने लगा पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट

## 70 फीसदी काम पूरा हुआ, 450 करोड़ रुपये है लागत

**वाराणसी।** राजातालाब तहसील के गंजारी गांव में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। यहां 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत बन रहा है। वाराणसी। बीते 23 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में जिस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी थी, वह अब अपने स्वरूप में आने लगा है। राजातालाब तहसील के गंजारी गांव में 30.33 एकड़ में बन रहे इस आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम का लगभग 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस साल के अंत तक पहले चरण का काम पूरा होने की उम्मीद है।

दो साल पहले अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। घोषणा के पांच माह बाद ही उन्होंने राजातालाब के गंजारी गांव में स्टेडियम की आधारशिला रखी। 30 हजार की दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम को बनाने का जिम्मा लार्सन एंड टुब्रो कंपनी (एलएंडटी) को मिला है। इसे पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया है।

ये सुविधाएं होंगी लगभग 450 करोड़ रुपये से 30.66 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा यह स्टेडियम कई सुविधाओं से युक्त होगा। अंतरराष्ट्रीय आकार का घासयुक्त मैदान होने के साथ ही यहां क्रिकेटरों को अभ्यास के लिए 18 से अधिक क्रिकेट विकेट मिलेंगे। यहां आउटडोर मैदान के साथ ही ड्रेसिंग रूम, मेडिकल रूम, फीजियोथेरेपी रूम, मीडिया सेंटर, कमेंटेटर बॉक्स, वीआईपी बॉक्स, वीवीआईपी बॉक्स, कारपोरेट बॉक्स, वीवीआईपी जोन, ब्रॉडकॉस्ट प्लेटफार्म, फूड कियोस्क, रिकॉर्डिंग बूथ बनाया गया है। यहां दिव्यांगजनों के लिए अलग से रैंप और बैठने की व्यवस्था की गई है।





### स्टेडियम का रखरखाव 30 साल तक एलएंडटी के जिम्मे

पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत बन रहे इस स्टेडियम की डिजाइन, ड्राइंग, लेवलिंग और निर्माण का जिम्मा एलएंडटी के पास है। स्टेडियम बन जाने के बाद अगले 30 साल तक रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी इसी कंपनी के पास रहेगी। कार्यदायी एजेंसी को इस स्टेडियम की डिजाइन और मास्टर प्लान तैयार करने में लगभग एक साल का वक्त लगा है।

### यूपी के साथ ही आसपास के राज्यों के खिलाड़ियों को होगा फायदा

गंजारी क्रिकेट स्टेडियम के बन जाने से न केवल पूर्वांचल बल्कि उत्तर प्रदेश के साथ ही उससे सटे राज्यों मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड के क्रिकेटरों को इसका भरपूर फायदा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ ही यहां घरेलू और बोर्ड ट्राफी के मैच भी आयोजित हो सकेंगे।

### 2026 के टी-20 विश्वकप की मेजबानी मिलने की उम्मीद

अगले साल टी-20 विश्व कप क्रिकेट का आयोजन भारत में होना है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वाराणसी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त गंजारी स्टेडियम को एक या दो मैच की मेजबानी मिल सकती है। पिछले दिनों यूपीसीए की टीम ने निमार्णाधीन स्टेडियम का दौरा किया था। तब यूपीसीए के अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में बताया था कि तय समय पर स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा हो जाने की स्थिति में यहां 2026 के टी-20 विश्वकप टूनार्मेंट के एक या दो मैच की मेजबानी के बारे में विचार किया जा सकता है।

### आधुनिक स्टेडियम की सनातनी तस्वीर

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में बन रहे इस आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम की डिजाइन को आध्यात्मिक और सनातनी आकार दिया गया है। स्टेडियम की छतें चंद्राकार हैं जबकि दर्शक दीर्घा को गंगा घाट की सीढ़ियों की तरह तैयार किया गया है। स्टेडियम में लगने वाली फ्लड लाइट के पोल त्रिशूल के आकार के हैं। यही नहीं पैवेलियन, मीडिया और कमेंटेटर बाक्स को डमरू का आकार दिया गया है। स्टेडियम के प्रवेश द्वार को बेल पत्र के आकार में विकसित किया गया है। जो भगवान शिव के प्रतीक के रूप में इस स्टेडियम में श्रद्धा का भाव व्यक्त करते हैं।

### 1500 चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग

मैच के दौरान उमड़ने वाली संभावित भीड़ को ध्यान में रखकर यहां वाहनों की पार्किंग की सुविधाओं को विस्तार किया गया है। वीआईपी गाड़ियों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था होगी। साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग में 1500 से अधिक चार पहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकेगा।

# तनु की हैट्रिक...चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को 5-0 से हराया

## मेरठ को दी मात, पहुंचीं सेमीफाइनल





**वाराणसी।** झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में वाराणसी के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फॉरवर्ड प्लेयर तनु की हैट्रिक ने लोगों को आकर्षित कर दिया। चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को हरा दिया।

69वीं प्रादेशिक विद्यालयीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में बुधवार को वाराणसी मंडल ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी तनु यादव की हैट्रिक सहित 4 गोल से वाराणसी मंडल मुरादाबाद को 5-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी की टीम ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मुकाबलों में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले मैच में वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद मंडल की केपीएस कॉलेज को हराया। इस मुकाबले में शुरूआत से ही वाराणसी की टीम हावी रही और पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली थी।

इसके बाद भी टीम का तेज खेल जारी रहा और दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर स्कोर 5-0 पर पहुंचा दिया। इस मुकाबले में तनु के अलावा सृष्टि पटेल ने भी एक गोल कर टीम के स्कोर में योगदान दिया। सोनल, जानवी, अन्नु, सत्या, अंजली, रोशनी और कोमल ने भी पूरे मैच के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरे मुकाबले में वाराणसी मंडल ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में भी वाराणसी की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का। मेरठ की टीम ने कुछ समय तक वाराणसी को रोकने की कोशिश की, लेकिन वाराणसी की खिलाड़ियों के लगातार हमलों के सामने वे टिक नहीं पाए।

इस मैच में वाराणसी मंडल की ओर से सृष्टि पटेल ने दोनों गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही वाराणसी मंडल ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कोच इदरीस अहमद ने इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि टीम पूरी तरह से एकजुट होकर खेल रही है और आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है।

तनु यादव ने प्रतियोगिता में अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। मुरादाबाद मंडल के खिलाफ हैट्रिक सहित चार गोल करने पर उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी टीम के लिए गोल करके बहुत खुश हूं। सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। हमारी मेहनत रंग लाई और हम सेमीफाइनल में पहुंचकर उत्साहित हैं। हम आगे भी इसी जोश के साथ खेलेंगे और उम्मीद है कि फाइनल में भी जीत हासिल करेंगे।

# बुधवार को इंफाल डर्बी में अंतिम क्षणों का रोमांच, नेरोका एफसी ने ट्राऊ एफसी को बराबरी पर रोका

**इंफाल।** ट्राऊ को खुंजामायुम राज सिंह के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बढ़त मिली थी, लेकिन अतिरिक्त समय में अरूणकुमार सिंह के बराबरी के गोल ने उन्हें जीत से वंचित कर दिया। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने किक मारकर खेल का उद्घटन किया जबकि सेना अध्यक्ष और पूर्वी कमान प्रमुख भी मौजूद रहे। 134वें डूरंड कप के ग्रुप ई मुकाबले में खेले गए इंफाल डर्बी ने दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए जबरदस्त रोमांच पैदा कर दिया, जहां नेरोका एफसी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही ट्राऊ एफसी के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल कर 1-1 की रोमांचक बराबरी रोक दिया। ट्राऊ को खुंजामायुम राज सिंह के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बढ़त मिली थी, लेकिन अतिरिक्त समय में अरूणकुमार सिंह के बराबरी के गोल ने उन्हें जीत से वंचित कर दिया। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने किक मारकर खेल का उद्घटन किया जबकि सेना अध्यक्ष और पूर्वी कमान प्रमुख भी मौजूद रहे।



### ट्राऊ एफसी ने उतारी भारतीय एकादश टीम

ट्राऊ एफसी के मुख्य कोच थांगजम सरन सिंह ने इस मुकाबले में पूरी तरह भारतीय एकादश उतारी, जो 4-2-3-1 फॉर्मेशन में खेली, जबकि नेपोलियन मोरांगथेम को फॉरवर्ड लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई। दूसरी ओर, नेरोका के मुख्य कोच ग्यान मोयों ने 4-4-2 फॉर्मेशन में एक मजबूत टीम उतारी, जिसमें जैक्सन इमैनुएल गोमाडो, मार्क हैरिसन जूनियर और एकोमोबॉन्ग विक्टर फिलिप जैसे तीन विदेशी खिलाड़ियों को आक्रमण को धार देने के लिए शामिल किया गया। मुकाबले की शुरूआत से ही नेरोका एफसी ने ऊंचा प्रेस करते हुए टेम्पो सेट किया। शुरूआती मिनटों में ही कप्तान अंगोम काइनेश सिंह का शॉट ट्राऊ के डिफेंडर राकेश ने रोक दिया, और रिबाउंड पर मार्क हैरिसन का शॉट गोल से बाहर चला गया।

### दोनों टीमें करती रहीं जबरदस्त संघर्ष

जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, ट्राऊ ने मिडफील्ड में लय पकड़ते हुए गेंद पर नियंत्रण बनाया, हालांकि दोनों ही टीमें साफ मौकों बनाने के लिए संघर्ष करती दिखीं। जहां ट्राऊ ने अधिक पजेशन पर ध्यान दिया, वहीं नेरोका ने काउंटर अटैक के जरिए अवसर बनाने की कोशिश की। बावजूद इसके, पहले 30 मिनट तक कोई भी टीम लक्ष्य पर शॉट दर्ज नहीं कर सकी। स्थानीय दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में जबरदस्त माहौल ने डर्बी के रोमांच को और बढ़ा दिया। दोनों टीमों की रणनीतिक अनुशासनशीलता ने मुकाबले को बेहद टैक्टिकल और फिजिकल बना दिया।

# लक्ष्य-तरूण और रक्षिता भी मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में

## आयुष भी अगले राउंड में पहुंचे

**मकाऊ।** मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरूष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वादोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं तरूण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 63 मिनट में 18-21 21-17 22-20 से शिकस्त दी।

मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की भारतीय जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम और अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को 21-18 21-19 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एच एस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। रित्विक संजीवी सतीश कुमार एक अन्य मैच में चिको से 16-21 8-21 से हार गए।

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21-16, 21-10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमशः 21-18, 21-14 और 21-14, 21-16 से हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए।

अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने 23-21, 21-11 से हराया। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर को तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेइ ने 21-6, 21-14 से मात दी। मिश्रित युगल में थांद्रांगिनी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोनजेंगबाम थाईलैंड की फुवानाट होर्बनलुइकिट और फुंगफा कोर्पथाम्माकिट से 11-21, 14-21 से हार गईं।



आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा भी शुरूआती दौर में इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशरजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विदजाजा से 10-21, 11-21 से हारकर बाहर हो गए। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। वहीं टी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंबाम को थाईलैंड के फुवानात एच और फुंगफा के ने 21-11, 21-14 से हराया।

# नागपुर लौटीं विश्व महिला शतरंज चैंपियन दिव्या

## परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय

**नागपुर।** फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतकर दिव्या ने इतिहास रच दिया है। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। खिताब जीतने के बाद दिव्या बुधवार रात अपने गृह नगर नागपुर लौटीं, जहां एयरपोर्ट पर उनके परिवार और प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 चैंपियन दिव्या देशमुख बुधवार को अपने गृह नगर नागपुर लौटीं। नागपुर लौटने पर उन्होंने अपनी बड़ी जीत का श्रेय अपने परिवार और पहले कोच राहुल जोशी को दिया। 19 वर्षीय दिव्या ने सोमवार को महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी शहर में खेले गए ऑल-इंडियन फाइनल में अनुभवि कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर मुकाबले में हराया।

### मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई

दिव्या देशमुख ने नागपुर पहुंचने पर कहा कि मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतनी भीड़ मेरा स्वागत करने के लिए यहां इक्ट्ठा हुई है। मैं बहुत खुश हूं। मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं दिव्या देशमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपनी बहन, परिवार के सदस्यों और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पहले कोच चाहते थे।



### दो अगस्त को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे सम्मानित

किशोरावस्था की चैंपियन दिव्या ने कहा कि ग्रैंड स्विस टूनार्मेंट में भाग लेने से पहले वह कुछ दिन आराम करेंगी। दिव्या को दो अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री व नागपुर सांसद नितिन गडकरी सम्मानित करेंगे।

### दिव्या के परिवार के सदस्यों ने उपलब्धि की सराहना की

दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, 'हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है। हम भगवान को धन्यवाद देना चाहते हैं। उनके माता-पिता की इतने वर्षों की कड़ी मेहनत आखिरकार रंग लाई है। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है और हमारे खुशी के आंसू रुक नहीं रहे हैं। हम चाहते हैं कि दिव्या भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करें और भारत को गौरवान्वित करें। हम उनके घर लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

# अगस्त के आखिरं में होगा प्रो कबड्डी लीग का आयोजन, चार शहरों में खेला जाएगा टूनार्मेंट

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूनार्मेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे।

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा।



विशाखापत्तनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूनार्मेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्तूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

# पाकिस्तान वेटरन लीग WCL के फाइनल में पहुंचा

## भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चौथे नंबर पर रही इंडियन टीम



**नई दिल्ली।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूनार्मेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (हउछ) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। हउछ ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था।

तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूनार्मेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा।

पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा।हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं और पाकिस्तान चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं।

### स्पॉन्सर कंपनी ने भी सेमीफाइनल से हटने का ऐलान किया था


लीग की स्पॉन्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था। कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिट्टी ने पोस्ट में लिखा था- 'हम हउछ में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकता।' 'ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।'

# आग से जले हुए सदन कक्ष का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में लगी आग से सदन तथा कार्यकारिणी कक्ष में काफी नुकसान हुआ है जिसमें न केवल गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय की वायरिंग जली है, बल्कि लगे हुए सभी एसी व लाइट और अन्य तार भी जले हैं। बैठने के लिए लगी हुई कुर्सियों तथा मेज व अन्य फर्नीचर पर भी आग पहुंची है, जिसका जायजा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सदन कक्ष मे निरीक्षण कर लिया गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा निर्माण विभाग की मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे जिनको नगर आयुक्त द्वारा बिगड़ी हुई सभी व्यवस्थाओं को सुधारने की निर्देश दिए।

## पुनः व्यवस्थित करने के दिए गए निर्देश





### वायरिंग का कार्य प्रगति पर, लाइट की टेंपरेरी व्यवस्था कर सुचारु कराया गया निगम मुख्यालय : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि लगातार निगम मुख्यालय की व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य टीम द्वारा किया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से प्रकाश विभाग द्वारा वायरिंग बदलने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है प्रगति पर है। पांचो फ्लोर के लिए अलग-अलग लाइट डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड लगाए जाएंगे तथा एसी व अन्य उपकरण हेतु अलग से लाइट डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड लगाया जाएगा। सभी विभागीय अधिकारियों के लिए टेंपरेरी व्यवस्था लाइट की गई है तथा निगम मुख्यालय में कार्य सुचारू रहे टेंपरेरी व्यवस्था की गई है। लगातार जनरेटर के माध्यम से लाइट की सप्लाई की जा रही है। सदन कक्ष में लगी हुई आग से लाइट-एसी-पंखे तथा फर्नीचर की स्थिति खराब हो गई है जिसका निरीक्षण के समय में जायजा लिया गया। व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं। कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। सदन कक्ष तथा कार्यकारिणी में लाइट में इत्यादि व्यवस्था पुनः कराई जाएगी जिसमें बैठने का स्थान भी अलग किया जाएगा तथा एक सुंदर स्वरूप देते हुए सदन तथा कार्यकारिणी कक्ष का सुधार किया जाएगा, मुख्य अभियंता निर्माण को निर्देश दिए गए हैं।

### आग लगने से बेसमेंट की हालत काफी खराब

**करंट क्राइम।** मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया कि आग लगने से बेसमेंट की हालत काफी खराब है जिसको सुधारने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिस पर तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। पूरे बेसमेंट को खाली किया जाएगा तथा नए सिरे से पेंटिंग साफ-सफाई की कार्य की अतिरिक्त फोर सीलिंग का कार्य भी कराया जाएगा जो कि पूर्ण रूप से जली हुई है जिसको तेजी से कार्य करने का प्रयास विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करेगा।

# प्रस्तावित विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी एवं कटौती पर व्यापारियों ने की चिंता व्यक्त

## व्यापारियों ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने प्रदेश सरकार की ओर से बिजली की दरों में बढोत्तरी को लेकर चिंता जाहिर की है। व्यापारियों ने गुरुवार को संगठन के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें बिजली की बढी दरों को वापस लेने की मांग की गई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत बढ़ाई जा रही विद्युत दरों से व्यापारियों की कमर ही टूट जाएगी। साथ ही ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा द्वारा व्यापारियों बनियों के ऊपर की गई टिप्पणी से भी व्यापारी आहत है। जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी नगर विकास को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रीतमलाल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती एक गंभीर समस्या है जिस व्यापारी एवं आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है। इस समस्या के लिए आवश्यक उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही विद्युत नियामक आयोग द्वारा आपके समक्ष बिजली की तरह एवं फिक्स चार्ज बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है प्रस्ताव स्वीकृत होने की दिशा में मध्यम वर्गीय एवं निम्न वर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को 3 की जगह चार रुपए प्रति यूनिट देनी होगी। प्रस्तावित की गई दरों में 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8 रुपए 40 पैसे जो कि वर्तमान में 6.60 पैसे हैं इस मुताबिक लगभग 45 प्रतिशत विद्युत दर बढ़ जाएगी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र 110 रुपए से बढ़कर 190 रुपया और ग्रामीण क्षेत्र में 90 से बढ़कर 150 रुपए प्रति किलो वाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से लोगों के ब्लॉक में 4.30 गुना बढ़ोतरी हो रही है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने वाली दोनों कंपनियां पूर्व में गोवा में ब्लैक लिस्टेड की गई।

इस अवसर पर प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष, आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष युवा, श्याम किशोर शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष के एन डंगवाल, विजेंद्र कुमार, पवन त्रिपाठी, भगत सिंह मनराल संयुक्त महामंत्री, शहजाद चौधरी अध्यक्ष मुरादनगर, राजकुमार राणा अध्यक्ष साहिबाबाद, दमयंती सिंह महिला अध्यक्ष मुरादनगर, दलबीर सिंह, यतेंद्र, भगत सिंह मंनराल जिला संयुक्त महामंत्री, संदीप बठला अध्यक्ष गाजियाबाद विधानसभा, पवन शर्मा, विशाल रावत, मनोज चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

# राज्य कर विभाग का ट्रेनिंग सेंटर शुरू, 40 अधिकारियों ने ली ट्रेनिंग

## लखनऊ के बाद उत्तर प्रदेश का दूसरा ट्रेनिंग सेंटर गाजियाबाद में शुरू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बने राज्य कर विभाग के ट्रेनिंग सेंटर में गुरुवार से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाजियाबाद जोन, मेरठ जोन और नोएडा जोन के 40 अधिकारियों ने भाग लिया। ट्रेनिंग सेंटर की शुरूआत रंगारंग कार्यक्रम और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

राज्य कर विभाग में अब तक केवल लखनऊ में ट्रेनिंग सेंटर बना था। लखनऊ के बाद गाजियाबाद दूसरा जिला है जहां राज्य कर विभाग का ट्रेनिंग सेंटर संचालित हो रहा है। आवासीय ट्रेनिंग सेंटर में रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा भी है।

ट्रेनिंग सेंटर बनने से विभाग के कर्मियों को राहत मिलेगी, उनका प्रशिक्षण गाजियाबाद में बने ट्रेनिंग सेंटर में भी हो सकेगा। मोहन नगर ट्रेनिंग सेंटर के अपर निदेशक अयूब अली ने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर में जीएसटी में हुए बदलावों से अपडेट करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। गाजियाबाद में ट्रेनिंग सेंटर बनने का सबसे बड़ा फायदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को होगा।

इस अवसर पर अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर, गाजियाबाद जोन प्रथम गाजियाबाद मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर के शुरू होने से प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हो सकेगी। इस मौके पर ज्वाइट डायरेक्टर चित्रा सिंह वह अन्य मौजूद रहे।

# राजेंद्र नगर साहिबाबाद में अवैध अतिरिक्त तल के निर्माण को प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजेंद्र नगर साहिबाबाद में प्राधिकरण ने स्वीकृत मानचित्र से अलग हटकर किए जा रहे अवैध अतिरिक्त तल के निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन जोन-7 के प्रभारी के नेतृत्व में 31 जुलाई 2025 को संपन्न हुई। भूमि संख्या 3/12-अ, सेक्टर-5, राजेंद्र नगर साहिबाबाद




पर निर्माणकर्ता विनोद कुमार कौशिक द्वारा बिना अनुमति अतिरिक्त तल बनाया गया था। दो तल अध्यासित पाए जाने पर उपाध्यक्ष महोदय ने भवन को अध्यासन मुक्त कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को पत्र भेजा था। ध्वस्तीकरण के दौरान थाना साहिबाबाद से पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे शांति व्यवस्था बनी रही।

अध्यासित भवन के निवासियों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस द्वारा समझाने के बाद कार्यवाही पूरी की गई। इस दौरान प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा संपूर्ण स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, घरों में भरा पानी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परमजीत सिंह पम्मी ने कहा बुधवार रात को जो बारिश हुई है उसकी वार्ड नंबर 91 कवि नगर के एफ ब्लॉक में नगर निगम के नालों की सफाई की खुली पोल खुल गई है। लोगों के घरों में पानी भरने की शिकायत आ रही है जो कि यह एक 60 फुट चौड़ी रोड है। इसी रोड पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल भी है। उसके सामने पुरी रोड पर एक से डेढ़ फुट पानी भरने के बाद एफ डी एक से और एफ डी 12 तक घरों में पानी घुस गया जो कि लगभग एक से डेढ़ फुट पानी हो गया। लोगों के सामान का भारी नुकसान हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण नालों की सफाई और सीवर लाइन की ठीक तरीके से सफाई का ना होना है जिसकी वजह से इस भारी बरसात में लोगों के घरों में पानी भर गया है। लोग जब सुबह उठे तो फर्श पर पैर रखते ही पानी में डूब गए। आंख खुली तो सारे घर में पानी ही पानी नजर आया ये काफी दुखद है। इस बारे में नगर निगम और पार्षद शिवम शर्मा का क्या जबाव है। ये तो नगर निगम ही जाने। ये बरसाती घटना से जिन घरों में पानी भरा है वो लोग काफी सकते में हैं।

# श्याम बगीची परिवार ने किया दूसरा सावन झूला महोत्सव का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्याम बगीची परिवार द्वारा बालाजी एवं खाटू श्याम मंदिर, श्याम मार्ग, नेहरू युवा केंद्र, अंबेडकर रोड, गाज़ियाबाद परिसर में सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाम ७ बजे हर्ष गुप्ता व उनका परिवार एवं समस्त श्याम बगीची परिवार द्वारा बाबा की ज्योत प्रज्जवलन से महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इंदौर से पधारे शिवम रावल, मथुरा से वेद रसिक और दिल्ली से पधारे शिवम-पारस ने अपने सुंदर भजनों से भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन, राधा-कृष्ण और श्याम बाबा के भजनों को सुनकर भक्तजन झूम उठे। इस दौरान आशीर्वाद देने के लिए महंत नारायण गिरि महाराज, यति नरसिंहानंद महाराज, मक्खन लाल, पंडित वासुदेव तिवारी, पंडित शशि कांत शास्त्री, पंडित प्रमोद शर्मा और



पंडित मुक्ति राम किराला उपस्थित हुए। इसके अलावा, डॉक्टर अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, महापौर सुनीता दयाल, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल, समाजसेवी प्रेम चंद गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल और श्याम अग्रवाल द्वारा पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों को सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। प्रफुल गुप्ता द्वारा सजाया गया भव्य दरबार और पंडित शशिकांत शास्त्री द्वारा किया गया अलौकिक श्रृंगार भक्तजनों को मोहित कर रहा था। श्याम बगीची परिवार द्वारा छप्पन भोग व श्याम रसोई की व्यवस्था की गई थी। इस प्रोग्राम का लाइव प्रसारण किया गया। एमजी साउंड द्वारा साउंड की व्यवस्था की गई और सक्सेना टेंट द्वारा टेंट एवं लाइट की सुंदर व्यवस्था की गई। इस महोत्सव में बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट (रजिस्टर), श्याम परिवार समिति (रजिस्टर), खाटू श्याम कुटुंब सेवा परिवार, काल भैरव कांवड़ सेवा परिवार, श्याम कृपा परिवार, नारी रक्षा सेना भारत संगठन, श्याम



लाड़ली परिवार और शहर की अन्य संस्थाओं द्वारा सहयोग किया गया। श्याम बगीची परिवार ने सभी सहयोगी संस्थाओं, भक्तजनों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रशांत गर्ग, विजय गर्ग, ललित गर्ग, दीपक अग्रवाल, शोभित बंसल, गोविंद कंसल, अतुल भूषण, शुभम गर्ग, तरुण अरोड़ा, लक्की गर्ग, अखिल कंसल, संजय गोयल, पुनीत अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, मनोज गुप्ता, गौरव सिंगल, विरेंद्र सिंगल, रिंकू गौतम, अरविंद वत्स, वैभव जैन, तुषार गुप्ता, मनीष गोयल, अंशुल सिंघल, राकेश करण, विशाल गर्ग, सौरव गुप्ता, कुलदीप अग्रवाल और वरुण राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में 'स्पेक्ट्रम' अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में 'स्पेक्ट्रम' नामक अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शिनी रहे। उनके साथ सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक और वर्तमान प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तवन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति की सदस्य शैली अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। पीयूष श्रीवास्तव और शैली अग्रवाल दोनों ने भी अपने मूल्यवान विचार साझा किए, छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शिक्षा और प्रबंधन जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल थीं, जिनमें डॉ. दीपा, डॉ. आर.डी. गुप्ता, डॉ. हरवीर सिंह, डॉ. स्वाति और मीनाक्षी प्रमुख थीं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 'टाइमलाइन टाइटन्स', 'काव्य अमृत', 'सोल एंड ट्विस्ट', 'नंबर निन्जाज', 'साइंटिफिक सॉल्यूशन', 'लाइफ विद अर्क', 'लेट्स स्पीक फ्रेंच', 'ब्रश एंड बियॉन्ड' और 'नृत्य शक्ति' प्रमुख थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक में मिट्टी धंसने से कार हुई क्षतिग्रस्त

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने लिया संज्ञान, किया मौके का निरीक्षण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने क्रासिंग रिपब्लिक में देररात्रि में भारी वर्षा होने के कारण एनएच 24 से साहबेरी की तरफ जाने वाला नाला ओवरफ्लो होने से नाले का पानी अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप के अंदर आने के कारण ग्रुप हाउससिंग भूखंड पर निर्मित एप्पल टावर के बेसमेंट में लगभग 25-25 फिट के एरिया में 15 फिट की गहराई में मिट्टी धंस जाने से 15 फिट गहरा गड्ढा हो गया, जिससे वहां खड़ी गाड़ियां गड्ढे में चली जाने की घटना संज्ञान में आते ही अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियां के साथ मौके का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टावर एप्पल 7 के बेसमेंट साईड खुला हुआ है, एवं मिट्टी कटाव को रोकने हेतु रिटेरिंग वाल का विकासकर्ता/निर्माणकर्ता द्वारा नहीं किया गया है।

### प्राधिकरण से बिना संपूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए आवंटियों को कब्जा देने के मामले में विकासकर्ता/निर्माणकर्ता के खिलाफ एफआईआर के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशत किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नाले से सीवर लाइन से अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप में आने वाले पानी को तत्काल बंद कराया जाए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने ये भी निर्देशित किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नालों की सफाई कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया जाए, विकासकर्ता/निर्माणकर्ता के द्वारा बिना संपूर्ति प्रमाण प्राप्त किए टावर एप्पल 7 के आवंटियों को कब्जा दिए जाने से कारण विधिक कार्यवाही करते हुए विकासकर्ता/निर्माणकर्ता के विरूद्ध एफआईआर व अन्य कार्यवाही तत्काल की जाए।





### आवंटियों को टॉवर एप्पल 7 में दिया कब्जा उन्हें करना होगा फ्लैट खाली

**करंट क्राइम।** सुरक्षा के दृष्टिगत एप्पल 7 के उन आवंटियों को, जिनके द्वारा कब्जा प्राप्त कर निवास किया जा रहा है, फ्लैट खाली करने का अनुरोध किए जाने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने ये भी निर्देश दिए कि मिट्टी धंसने के कारण बने गड्ढे में मिट्टी भराव का कार्य तत्काल कराया जाए। अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप का तलपट मानचित्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2011 में किया गया था, जिसके अंतर्गत टाउनशिप विकसित की जानी थीं, परंतु विकासकर्ता द्वारा वर्तमान समय तक अवस्थापना सुविधाओं यथा एसटीपी, सड़क, जलापूर्ति, सीवर लाइन, ड्रेनेज आदि विकास कार्य नहीं किया गया है। अवस्थापना सुविधाओं के विकसित न करने के लिए सम्पूर्ण देयता प्राधिकरण कोष में जमा करायी गई है। अवस्थापना सुविधाओं के विकसित न किए जाने एवं प्राधिकरण की देयता जमा न कराये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा विकासकर्ता के विरूद्ध थाना क्रासिंग रिपब्लिक में प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर संख्या 0065/2025 दिनांक 5 मार्च 2025 को दर्ज करायी गई है। वर्तमान मे स्थल पर प्राधिकरण टीम द्वारा सीवर को रिपेयर करा दिया गया है व मिट्टी भराई का कार्य कराया जा रहा है।

# रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी एवं इंटरेक्ट क्लब ऑफ सिल्वर लाइन प्रैस्टिज स्कूल ने किया पौधरोपण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी के पौधरोपण अभियान के अन्तर्गत रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी एवं इंटरेक्ट क्लब ऑफ सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल ने संयुक्त रूप से बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की प्रैसिडेन्ट रो० भारती गर्ग एवं सैक्रेटरी रो० प्रवीन गोयल द्वारा इंटरेक्टर्स के नये बोर्ड सदस्यों एवं इंटरेक्टर्स को इंटरेक्ट पिन पहनाई गयी। सिल्वरलाइनर्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं वृक्षारोपण के महत्व पर आधारित मनमोहक नाट्य, नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति दी। इसके उपरान्त सभी ने मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम को पूरा किया। जिसमें 100 से अधिक पौधे लगाये गये। डा० सुभाष जैन और प्रैसीडेंट भारती गर्ग ने पौधरोपण के महत्व को बताया। संयुक्त रूप से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा० सुभाष जैन, बबीता जैन, क्लब अध्यक्ष 2025-26 भारती गर्ग एवं आशीष गर्ग, क्लब सचिव 2025-26 प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, रीनम अग्रवाल, योगेश कुमार गोयल, अल्का गोयल, डा० राकेश छारिया, दीपा छारिया, विकास गुप्ता, मीनू गुप्ता, राकेश गुप्ता, डा० अरूणा सिंघल, साक्षी जिन्दल शर्मा, विकास शर्मा, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अधीर गर्ग, अनीश गुप्ता, नरेश कुमार गर्ग, पूनम गर्ग, मनोज अग्रवाल, अनु अग्रवाल, देवेन्द्र मित्तल इत्यादि, स्कूल के वाइस चेयरमैन नमन जैन, मोनिका जैन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन प्रणव जैन, प्रधानाचार्या डा० गीता जोशी, शिक्षकगण, इंटरेक्टर्स एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थें।








# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Dr. Somendra Tomar · Follow
1d

भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, एक परिवार है, जिसका हर सदस्य इसकी शक्ति है!

आज गाजियाबाद में भाजपा उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी Bhupendra Singh जी के साथ भाजयुमो गाजियाबाद के कर्मठ अध्यक्ष श्री सचिन डेढ़ा जी के कौशांबी स्थित आवास पर पहुँचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री श्री बसन्त त्यागी जी, महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी, पूर्व विधायक श्री उमेश मलिक जी सहित अन्य सम्मानित गण भी मौजूद रहें।

#BhupendraSinghChaudhary #SomendraTomar #BJPParivar #SachinDedha #BJYM #Ghaziabad #UPBJP #BJP4India





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सोमेंद्र तोमर, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, उनके कुशल जानने हेतु उनके आवास पर पहुंचे। सोमेंद्र तोमर ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि भाजपा एक परिवार है। और इसका हर सदस्य इस परिवार की शक्ति है। सोमेंद्र तोमर की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी के 166 नेताओं को दस साल की सजा, पीटीआई ने बताया राजनीतिक साजिश

**इस्लामाबाद ।** इन नेताओं में नेशनल असेंबली और सीनेट के विपक्षी नेता भी शामिल हैं। यह सजा नौ मई 2023 को आईएसआई बिल्डिंग और सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। उस दिन इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पार्टी समर्थकों ने सेना के कई ठिकानों, जैसे जिन्ना हाउस (लाहौर), मियांवाली एयरबेस, रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद की आईएसआई बिल्डिंग पर हमला किया था।

सजा पाने वालों में नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब, सीनेट में नेता प्रतिपक्ष शिबली फराज, जरताज गुल और हमीद रजा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अदालत ने फैसलाबाद में पुलिस स्टेशन पर हमले के एक अन्य मामले में भी 58 लोगों को 10 साल की सजा सुनाई। कुल मिलाकर अब तक 14 सांसद अयोग्य ठहराए जा चुके हैं।



पार्टी ने फैसले को बताया राजनीतिक साजिश पीटीआई ने अदालत के फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया। साथ ही कहा कि इससे पार्टी के नेताओं को संसद और सीनेट से बाहर करने की कोशिश की जा रही है। पार्टी के अंतरिम अध्यक्ष गोहर अली ने कहा कि वे इस फैसले को लाहौर हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। बता दें कि

**पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) के 166 नेताओं और कार्यकताओं को दस-दस साल की सजा सुनाई है**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अप्रैल 2022 में भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराकर पद से हटाया गया था और अगस्त 2023 से वे जेल में हैं। उनके भतीजे हसन खान को भी सेना की अदालत ने दस साल की सजा दी है।

इमरान की बहन अलीमा खान ने कहा है कि उनके बेटे सुलेमान और कासिम 5 अगस्त से शुरू हो रहे पीटीआई के देशव्यापी प्रदर्शन में हिस्सा लेने पाकिस्तान आएंगे। इस पर पंजाब सरकार ने चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने कोई हिंसक प्रदर्शन किया, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# गाजा में भोजन का इंतजार रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी 48 की मौत, अमेरिकी राजदूत विटकॉफ पहुंचेंगे इस्राइल

**गाजा ।** गाजा में राहत सामग्री वितरण न होने से फलस्तीनी परेशान हैं। भोजन की कमी और कुपोषण के चलते गाजा में हालात बदतर होते जा रहे हैं। गाजा पट्टी में भोजन का इंतजार कर रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी कर दी गई। इसमें 48 फलस्तीनियों की मौत हो गई। जबकि तमाम लोग घायल हो गए। यह हिंसा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ गाजा की स्थिति पर बात करने के लिए इस्राइल पहुंचेंगे।

अंतरराष्ट्रीय प्राधिकरण के अनुसार इस्राइल के सैन्य आक्रमण और नाकाबंदी के कारण लगभग 20 लाख फलस्तीनियों के तटीय क्षेत्र में अकाल की सबसे खराब स्थिति पैदा हो गई। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के कारण सहायता काफिले हताश भीड़ से भर गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल ने बताया कि मृतक और घायल जिकिम क्रॉसिंग पर जमा भीड़ में पर गोलीबारी हुई।



एक वीडियो में गोलीबारी में घायल लोगों को लकड़ी की गाड़ियों में ले जाते हुए दिखाया गया है। साथ ही लोगों की भीड़ आटे के बैग लेकर जा रही है।

अल-सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि वहां 100 से ज्यादा लोग मृत और घायल हुए हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा के प्रमुख फरेस अवाद ने बताया कि कुछ शवों को दूसरे अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस्राइली हमलों और गोलीबारी में रात भर और बुधवार तक कम से कम 48 फलस्तीनी मारे गए। वहीं एक बच्चे समेत सात अन्य फलस्तीनी कुपोषण से संबंधित कारणों से मारे गए।

# पीएम शरीफ ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को 'ऐतिहासिक' बताया, ट्रंप की भारत को चिढ़ाने की कोशिश

**अमेरिका ।** लंबे समय तक ओसामा बिन लादेन जैसे खूंखार आतंकी को पालने वाले देश के पीएम ने यह भी उम्मीद जताई कि इससे दोनों देशों (अमेरिका-पाकिस्तान) के बीच सहयोग बढ़ेगा। ट्रम्प ने बुधवार को बताया कि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत वे दक्षिण एशियाई देश के ₹विशाल तेल भंडार₹ को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। इस दौरान ट्रंप ने भारत को चिढ़ाने की भी कोशिश की। पाकिस्तान लंबे समय से अपने तट पर बड़े तेल भंडार होने का दावा करता रहा है, लेकिन इन भंडारों का इस्तेमाल करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। देश वर्तमान में



अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मध्य पूर्व से तेल आयात करता है। प्रधानमंत्री शरीफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ₹मैं ऐतिहासिक अमेरिका-पाकिस्तान व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसे कल रात वाशिंगटन में दोनों पक्षों की ओर से सफलतापूर्वक अमलीजामा पहनाया गया। उन्होंने कहा, ₹यह ऐतिहासिक समझौता हमारे बढ़ते सहयोग को बढ़ाएगा, जिससे आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार होगा।

**भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की खबरों के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को धन्यवाद दिया**

# सुनामी के अलर्ट के बाद लोगों की मदद के लिए ओपरा विन्फ्रे ने नहीं खोली निजी सड़क, यूजर्स ने घेरा

**रूस।** रूस के पूर्वी तट कामचटका प्रायद्वीप में आए 8.7 तीव्रता वाले भूकंप के बाद जानी मानी टीवी शो निमार्ता और होस्ट ओपरा विन्फ्रे को सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। लोग घरों से निकले, लेकिन ओपरा विन्फ्रे ने हवाई के कुला से वाइलिया को जोड़ने वाली अपनी निजी सड़क को नहीं खोला। सुनामी के अलर्ट के बाद लोग एक साथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए निकले तो हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने कहा कि अगर ओपरा अपनी निजी सड़क खोल देंती तो लोगों को मदद मिल सकती थी।



बुधवार को रूस में कामचटका प्रायद्वीप के पास शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 8.7 दर्ज की गई। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि सुबह 8:25 बजे भूकंप समुद्र के नीचे उथले इलाके में आया। इसके कारण रूस, जापान, गुआम, हवाई और अलास्का में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। सुनामी की चेतावनी के बाद लोग घरों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए निकले। इस दौरान हवाई में जगह-जगह जाम लग गया। लोगों ने जाम में फंसने के दौरान ओपरा विन्फे पर गुस्सा निकाला।

लोगों ने एक्स पर लिखा कि ओपरा हवाई के वाइले से कुला तक अपनी निजी सड़क नहीं खोलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए ऊंचे स्थानों पर पहुंचना आसान हो जाएगा। माउई में भारी यातायात है और हजारों लोग आने वाली भयंकर सुनामी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। ओपरा सड़क खोल दीजिए। एक अन्य यूजर ने लिखा कि क्या उसे उत्पीड़ित नहीं होना चाहिए।

# विमान में टबुर्लेंस से यात्री घायल, अमेरिका में डेल्टा विमान की करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**अमेरिका ।** इसके बाद विमान को मिनियापोलिस-सेंट पॉल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरलाइन ने कहा कि मेडिकल स्टाफ ने उड़ान का निरीक्षण किया और 25 यात्रियों को जांच और उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

उड़ान के दौरान होने वाली टबुर्लेंस से गंभीर चोटें आनीं दुर्लभ हैं, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम में परिवर्तन होने के कारण ऐसे मामले अधिक आम हो सकते हैं।

मई 2024 में सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में ऐसी ही एक गंभीर परेशानी आने से आने से एक व्यक्ति की मौत हो ग थी ई, जो कई दशकों में किसी प्रमुख एयरलाइन में टबुर्लेंस के कारण किसी यात्री की मौत का पहला मामला था।



**अमेरिका में डेल्टा एयरलाइंस के एक यात्री विमान की गंभीर टबुर्लेंस के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। डेल्टा एयरलाइंस के अनुसार, साल्ट लेक सिटी से एम्स्टर्डम जा रही एक उड़ान बुधवार रात गंभीर टबुर्लेंस की चपेट में आ गई, जिससे यात्री घायल हो गए**

# कीव पर फिर बरसी रूस की मिसाइलें एक मासूम समेत छह की मौत, मलबे में दबे कई लोग

**रूस ।** इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा 52 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि घायलों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

वहीं मामले में कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि एक 9 मंजिला रिहायशी इमारत का बड़ा हिस्सा मिसाइल लगने से गिर गया। कई लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं और राहत व बचाव दल मौके पर काम कर रहे हैं।

जेलेंस्की ने जताया दुख रूस के इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर संदेश लिखकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि रूस ने मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ये हमला सीधा एक रिहायशी इमारत पर हुआ। लोग मलबे के नीचे हैं। सभी बचाव टीमें मौके पर हैं। वहीं सैन्य अधिकारी त्काचेंको ने बताया कि कीव के 27 इलाकों को निशाना बनाया गया। सबसे ज्यादा नुकसान सोलोमिंसकी और स्वियातोशिन्सकी जिलों में हुआ है।



**20 महीनों से ज्यादा समय से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बीती रात मिसाइल और ड्रोन से जोरदार हमला किया**

इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आठ अगस्त तक अगर शांति की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई तो अमेरिका रूस पर कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगाएगा। इसके साथ ही पश्चिमी देशों ने पुतिन पर आरोप लगाया है कि वो जानबूझकर शांति वार्ता को धीमा कर रहे हैं ताकि यूक्रेन के और इलाकों पर कब्जा किया जा सके।

# भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 44 लोगों की मौत नौ लापता, सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए 80000 से ज्यादा लोग

**बीजिंग ।** बीते चार दिनों से बीजिंग में राहत और बचाव कार्य चल रहा है। बारिश ने सड़कों को नुकसान पहुंचाया, बिजली आपूर्ति बाधित की और हजारों लोगों को घर खाली करने पर मजबूर कर दिया। सरकारी शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, मौतें बीजिंग के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों मियुन और यानछिंग जिलों में हुईं। यहां शनिवार से भारी बारिश शुरू हुई थी।

इससे पहले सोमवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आदेश दिया था कि बारिश और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों में लोगों की जान और संपत्ति की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। केवल बीजिंग में ही 80,000 से ज्यादा लोगों को



सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। बारिश के कारण 31 सड़क मार्ग टूट गए और 136 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।

चीन के वित्त मंत्रालय और आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने मंगलवार को 350 मिलियन युआन (लगभग 49 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की राशि नौ प्रांतीय क्षेत्रों को राहत कार्यों के लिए दी, जिनमें बीजिंग भी शामिल है। इसी दिन राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग ने बीजिंग में राहत कार्यों के लिए 200 मिलियन युआन (लगभग 28 मिलियन डॉलर) की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की।

**बीजिंग में बीते हफ्ते हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण 44 लोगों की मौत हो गई और नौ लोग अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी**

# अफ्रीका और सीरिया में बढ़ा इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा का खतरा, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

**अफ्रीका ।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अल-कायदा जैसे चरमपंथी संगठनों का खतरा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा है और अब यह खतरा सीरिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों आतंकी संगठन सीरिया को भविष्य के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं जहां से वे बाहरी हमले संचालित कर सकते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम अफ्रीका में अल-कायदा से जुड़ा समूह 'जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) और पूर्वी अफ्रीका में 'अल-शबाब' संगठन लगातार अपने प्रभाव वाले इलाकों का विस्तार कर रहे हैं। इस्लामिक स्टेट के मिडिल ईस्ट में कमजोर पड़ने के बाद अफ्रीका में उनका ध्यान केंद्रित हुआ है। सीरिया में फिर सिर उठा रहा आतंक



सीरिया में बशर अल-असद के सत्ता से हटने के छह महीने बाद भी हालात अस्थिर बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां दोनों आतंकी संगठनों के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर 2023 में दमिश्क पर कब्जे की सैन्य कार्रवाई में 5,000 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

यूरोप और अमेरिका पर भी खतरा बरकरार विशेषज्ञों ने कहा कि यूरोप और अमेरिका के लिए इस्लामिक स्टेट का खतरा अब भी गंभीर है। अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित पाई गई हैं, जिनमें सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए कट्टरपंथ फैलाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यू ऑरलियन्स में एक हमले में 14 लोगों की मौत और मिशिगन में एक सैन्य ठिकाने पर हमले की योजना नाकाम की गई। आर्थिक संकट में हैं आतंकी संगठन रिपोर्ट में बताया गया है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट को फंडिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनके लड़ाकों की सैलरी 50-70 डॉलर प्रति माह तक घटा दी गई है, जो पहले से कहीं कम है। परिवारों को दी जाने वाली राशि भी अब केवल 35 डॉलर है और वह भी नियमित रूप से नहीं दी जा रही।

### फंडिंग के लिए अपनाए जा रहे नए तरीके

रिपोर्ट में बताया गया कि ये आतंकी संगठन धन जुटाने के लिए क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन, समुदायों पर टैक्स, फिरौती के लिए अपहरण और व्यापारिक नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही अब वे महिला दूतों और 'हवाला' जैसी प्रणालियों के जरिए फंड ट्रांसफर कर रहे हैं ।

# जब करंट क्राइम ने मांगे जल भराव के सबूत, तब पाठकों ने जवाब दिया मजबूत

**ठाकुर पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत**
वार्ड 65 की वीडियो है। विवेकानंद नगर में घर के अंदर पानी घुस गया।

**राजीव शर्मा**
गोविंदपुरम वार्ड 62 ए ब्लॉक डी ब्लॉक।

**अमित बघेल**
वार्ड 34 शहीद नगर टेलीफोन एक्सचेंज रोड।

**प्रदीप कंसल**
वार्ड नंबर 9 मेंबर्स नेम शीतल देओल छबीलदास स्कूल के अंदर तालाब बना हुआ है। यह सुबह 6:00 बजे की फोटो है। पूरा पटेल नगर बी ब्लॉक पानी से भरा हुआ था।

**संजय शर्मा**
घरों में पानी आर-पार हो गया।

**अली खान**

दिल्ली सहारनपुर रोड पर शिव विहार मेट्रो के नजदीक में हल्की बारिश होने के कारण पानी भर गया है जिससे आने जाने वाले लोगों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यातायात बाधित हो रहा है। पानी में निकलकर लोगों को अपने घरों में जाने में दिक्कत हो रही है।

**योगेश त्यागी**
वार्ड 50 राजनगर एक्सटेंशन।

**विजय सिंह**
गोविन्द पुरम के ही हाल देख लो, सी ब्लॉक रोड। सीएनजी रोड, ए और बी ब्लॉक के बीच वाली रोड सभी पर थोड़ी बारिश में ही पानी भर जाता है।

**विकास कुमार शर्मा**
पार्षद हो भाई अमित त्यागी जैसा। हमारे वार्ड का जलभराव का काम तमाम कर दिया है। अब हमारे वार्ड 47 में पानी नहीं भरता।

**गौरव श्रीवास्तव**

यह वार्ड 10 डी एल एफ की मुख्य रोड जो भोपुरा से दिल्ली को कनेक्ट करती है। हालात देखकर आप भी कहेंगे की बॉर्डर के इतना नजदीक होने के बाद भी वार्ड 10 में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

**गौरव चौधरी**
वार्ड 65 में घर के अन्दर भी घुस गया पानी, इतना पानी था रोड पर।

**बाबा खान**
बड़ी उम्मीद से लोगों ने डबल इंजन सरकार को वार्ड 57 व 87 में वोट दिया था, वो अब सच हो रही है। बस... थोड़ा सा गलतफहमी हो गई। विकास की जगह 'वेनिस' मिल गया। अब तो गली-गली बहती 'नदी' देख कर लग रहा है कि शायद जल्द ही नाव की सर्विस भी शुरू हो जाएगी। जगह-जगह सड़कों पर भरता पानी, लोगों का निकलना मुश्किल, बच्चे गिरते हैं, बुजुर्ग फिसलते हैं और जिम्मेदार लोग मौन हैं। मेरा निवेदन है कि वार्ड 57 व 87 को दिखावे का नहीं, जमीनी काम का विकास मिले। सीवर और नाली की सफाई हो, जलभराव रुके और वाकई में 'स्मार्ट सिटी' जैसा कुछ दिखे। वरना विकास की नाव तो निकल जाएगी, लेकिन जनता पानी में फंसी रह जाएगी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी व पूर्व पार्षद प्रत्यासी वार्ड 57 समाजवादी पार्टी

**प्रेमकांत चौधरी सोनू**
वार्ड 61 वसुंधरा सेक्टर 2 सी यहाँ की पार्षद शिल्पा चौधरी हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी भी दी गयी लेकिन इस समस्या पर कोई अमल नहीं किया गया। 10 मिनट की बारीश होते ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

**जगदीश शर्मा, बीजेपी**
वार्ड 51 वृन्दावन एंक्लेव सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद।

**ललित**
इतना ही नहीं नगर निगम व जीडीए दफ्तर के सामने भी पानी का भराव इतना की आधी कार डूब जाए।

**देवेन्द्र गिरी**
खोड़ा मकनपुर नगरपालिका परिषद।

**सन्नी सिंह**
अरे भैया गाजियाबाद तालाब बन गया।

**सागर कश्यप**
आरडीसी में

**मयूर मित्तल**
लालकुआं पर 2.5-3 फुट तक पानी था। 100 से अधिक मोटरसाइकिल एवं स्कूटी बन्द हो गई थीं।

**दीपक गौतम, बीजेपी**
वार्ड नंबर 8 मालीवाड़ा में तो तालाब बन गया है भैयाजी।

**तुषार गर्ग**
देखो-देखो, तुम भी देखो।

**मोहन लाल बाबी**
वार्ड नं. 18 शास्त्री नगर, गाजियाबाद।

**रविन्द्र चौधरी**
वार्ड 96 में पूरे नेहरू नगर सेकंड ए 122 सोसाइटी और अशोक नगर में सड़कों पर पानी भरा हुआ है और बेसमेंट में भी पानी भर गया और सोसाइटी में रहने वाले सभी के वाहन डूब गए और लाखों का नुकसान हो गया।

बूंदें क्या बरसीं, शहर की सूरत बह गई,
स्मार्ट सिटी की पोल बारिश में कह गई।
कागजी वादों की बस्ती में, हालात हैं बदहाल,
सड़कें समुंदर बनीं और नेता जी मोबाइल पर हालचाल।

**तुषार गर्ग**
यह फोटो नंदग्राम वार्ड 49 के अंतर्गत ए ब्लॉक पॉकेट 2 की हैं। ज्यादा पानी नही है। कॉलोनी में 4 फुट पानी घरों के अंदर है। गोवा के आनंद की पूरी सुविधा नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद ने कर रखी है।

**प्रेमकांत चौधरी सोनू**
बारिश ने दिखाए अपने रंग।

**उमाशंकर शर्मा**
खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद।

**काजल त्यागी**
नादियां बह रही थीं, हम सो रहे थे।

**आदेश कुमार तिवारी**
क्या जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई का भी प्रावधान है?

**अभिनव बंसल**
वार्ड 39।

**निधि शर्मा**
जी के जी स्कूल के सामने पानी ही पानी।
स्वर्ण जयंती पार्क के पीछे वाली रोड पर नीति खंड।
नीति खंड स्वर्ण जयंती के पास स्वर्ण जयंती पार्क के सामने पार्षद धीरज।

**आशु पंडित**
वार्ड 9 जलमगन है, कोई सुनवाई नहीं।

**निशांत जिंदल**
यह जानबूझकर कराया जा रहा है, नगर पंचायत डासना के द्वारा।

**गौरव चौधरी**
वाह भई वाह क्या बारिश है।

**पंकज शर्मा**





- क्यों कहा कहने वाले ने कि आप देख रहे हो लाईन पार के ओबीसी चेहरे आजकल नहीं दिखाई दे रहे हैं एक ऑफिस के आस-पास? हमें पता चला है उनको है किसी बड़े खर्चे का आभास? उन्हें लगता है कि अगर रखा उन्होंने ऑफिस पर कदम? तो पिफर हो जायेगे उन पर लेटेस्ट सौंफों का सितम? वो नहीं कर पायेंगे किसी बात से इंकार? इसलिए उन्होंने दूरियां बहुत ही सोच-समझकर साधी हुई हैं यार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं भी अब दूरियों का कोई बहाना नहीं बनाऊंगा? अब मैं भी खुले आम उनके साथ खाना खाऊंगा? मैं बेमतलब में क्यों बनाकर रखूं उनसे दूरी? उनसे दूर रहना तो नहीं है कोई मेरी मजबूरी? जो बातें मुझे पहले नहीं समझ आ रही थी वो लगने लगी हैं जरूरी? इसलिए आज से खत्म कर दी है मैंने उनसे किसी भी तरह की दूरी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि धीरे-धीरे बढ़ रही है जैसे वक्त की चाल? हम देख रहे ऐसे-ऐसे भगवाधारियों के बदलने लगे हैं ख्याल? इन बदलते ख्यालों में आने लगा है भगवा कमांडर का नाम? वो कह रहे हैं कि अब हम संगठन में आने का ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते हैं? हमें देना है अपनी राजनीति को अलग मुकाम? इसलिए अगर अब जल्दी नहीं बनी हमारी बात? तो फिर हम चले जायेंगे भगवा कमांडर के पास? यहां फिलहाल सूखी है, वहां हमें पता चला है कि उपलब्ध हो रही है हरी वाली घास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि राजनगर एक्सटेंशन वाले कविता सुनाने वाले त्यागी भैया ने शायद फिर से पकड़ ली है अपनी सुरीली रिदम? हमें हो रहा है एहसास, जैसे उन्हें अब राजनीति में नहीं दिखाई दे रहा हो दम? वो फिर से करने लगे हैं कविताओं का गुणगान? फिर से उनका पुराना वाला अंदाज दिखाई देने लगा है श्रीमान? कहने वाले ने कहा मेरा दिल हमेशा है उन्हें अच्छा कवि कहता? पता नहीं क्यों वो बनना चाहते हैं फिर भी भगवागढ़ में नेता? फिलहाल उनके अंदाज को देखकर लग रहा है उन्होंने राजनीति करने का मामला दिया है टाल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? दो चेहरे कहीं पर बैठे थे और कर रहे थे बड़ी-बड़ी बात? कह रहे थे कि हम अगर योद्धा को नमस्ते भी ना करें? तब भी आ जायेगा संगठन में हमारा नाम? हमारे ऊपर बहुत ही मजबूत चैनल है श्रीमान? हम तो बस देते हैं उनकी शिद्दत को देखकर उनका साथ? मगर पद हमारा शीर्ष नेतृत्व के दम पर ही आयेगा हमारे हाथ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं तो आपको बता रहा हूं इससे भी आगे की बात? एक चेहरा दे रहा है इस बात की दुहाई कि संगठन में मंत्री बनने में उसको कहीं से कहीं तक कोई समस्या नहीं है? वो भी ये भी जानता है कि महामंत्री वाला पद भी नहीं आयेगा उसके हाथ? मगर ये चेहरा दे रहा है इस बात का एक संदेश? कह रहा है उपाध्यक्ष पर तो फिक्स हो ही जायेगा इस बार मेरा फेस? मुझे मेरे आका ने दे दिया है संदेश? कहा है जब मौका आये तब बता देना, दूर कर देंगे हम तुम्हारे सभी क्लेश?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने सोचा था कि मंत्री सुनील शर्मा के शब्दों के बाद हाउस टैक्स के मामले में खिलाफत करने वाले भगवा रेड फेस मैन को आ गया होगा जोश? मगर हम हैरान इस बात पर है कि मंत्री जी के प्रेरित करने के बाद भी अभी तक यादव जी हैं खामोश? अभी तक उन्होंने नहीं खोली है इस मुद्दे पर जुबान? कहने वाले ने कहा समझ लो अगर वो इस कदर खामोश हैं? तो फिर जरूर अटका हुआ है उनका कोई काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं कब से खुजा रहा हूं उस शख्स को जानने के लिए अपना माथा? जिनकी कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी सुना रहे थे गाथा? कर रहे थे उस शख्स और उसके परिवार का गुणगान? कह रहे थे हमें फक्र होता है जब भी हमारे सामने आता है उनका नाम? सुना है इस गाथा की जानकारी आजकल त्यागी जी ना जाने क्यों हर जगह कर रहे हैं आम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद के एक भगवा शर्मा जी की बात सुनकर उड़ गया है कई चेहरों का होश? वो कह रहे है कि ये चेहरे आजतक हमारे सम्पर्क में क्यों नहीं आये? अगर आते तो दूर कर देते ये हमारी सारी राजनीति के दोष? हमें इनके मुख से ही मिली है जानकारी? कि इन्हीं की सिफारिश पर एक नेता खेल रहे हैं राष्ट्रीय स्तर पर पारी? कहने वाले ने कहा अब हम इनको बिल्कुल भी नहीं छोड़ेंगे? हमें विश्वास हो गया है ये ही पूरी करेंगे हमारी उम्मीदें सारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गौतम जी रहते हैं प्रदेश संगठन वालों के साथ? सुना है इनमें भगवागढ़ के एक त्यागी जी को आ रहा है पूरा अनुराग? हम देख रहे थे जब आये थे संगठन वाले गाजियाबाद? तब गाजियाबाद के भगवा त्यागी जी उनका दे रहे थे पूरी शिद्दत से साथ? उठा रहे थे उनके सभी तरह के भाव? लग रहा था कुछ पा ही लेंगे मिस्टर त्यागी उनसे दिखाकर इतना लगाव?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# रात को पंप लगाकर नगर आयुक्त के आवास के सामने से निकाला गया पानी

## लोग बोले, काश यह सुविधा सभी जगह होती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में रात से हो रही तेज बारिश ने स्थिति को कंट्रोल से बाहर कर दिया। कई इलाकों में जलभराव की समस्या है। तो बारिश के बाद बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। गाजियाबाद में इस सीजन की सबसे ज्यादा और तेज बारिश पिछले दो दिनों से हो रही है। भारी बारिश से ज्यादातर सडकें पानी से लबालब भर गई है।



नगर आयुक्त के आवास के सामने जलभराव हो गया। लेकिन बुधवार रात को ही पंप लगाकर पानी को निकाल दिया। वहीं, अन्य स्थानों पर जलभराव होने से लोग परेशान है। लाइन पार क्षेत्र को गाजियाबाद से जोडने वाली गौशाला फाटक रोड पर भारी जलभराव के कारण रास्ते को बंद कर दिया गया।

गाजियाबाद में रात मे भारी झमाझम बारिश हुई। रात में आधी रात के बाद जमकर बारिश हुई। सुबह तक बारिश जारी रही। जिससे शहर की बिजली व्यवस्था भी ठप रही। एक ओर जहां शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर अब बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह से बाधित हो गई है। बारिश के कारण जलभराव की वजह से कई इलाकों में घंटों से बिजली गुल है। इससे लोगों को न सिर्फ अंधेरे का सामना ना करना पड़ा। वहीं, नगर आयुक्त के आवास के सामने जमा जल को पंप लगाकर निकाला गया। इसका वीडियो वायरल होने पर लोगों का कहना है कि काश उनके इलाके में भी इसी तरह की व्यवस्था होती।

# कहीं शराब की दुकान डूब गई तो कहीं पुलिस चौकी बनी तालाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस सीजन की सबसे मूसलाधार बारिश ने जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बारिश से शहर के ज्यादातर हिस्सों में जलभराव हो गया है। क्रॉसिंग रिपब्लिक में जहां जमीन का एक हिस्सा धंसने से भारी क्षति हुई है, चार गाडियां गडढे में गिर गई है तो वहीं, पॉश कॉलोनियों में जलभराव से लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। पॉश राजनगर की दुकानों में पानी घुस गया है। आरडीसी की एक शराब की दुकान में पानी घुस जाने से भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह बजरिया की दुकानों में भी पानी घुस गया है।








बजरिया पुलिस चौकी के अंदर भी पानी घुस गया है। जगह जगह पानी को पंप से निकाला जा रहा है।

आरडीसी स्थित नगर आयुक्त के कैंप कार्यालय पर भी भारी जलभराव हो गया हालांकि रात को ही पंप लगाकर पानी को निकाला गया। वहीं, ट्रांस हिन्डन एरिया की ज्यादातर कॉलोनियों में जलभराव हो गया है। इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, डेल्टा कॉलोनी, राजेंद्र नगर, श्याम पार्क, शालीमार गार्डन, भोपुरा, लोनी रोड आदि में भी भारी जलभराव हो गया है।

# गाजियाबाद में बारिश ने मचाई आफत क्रॉसिंग रिपब्लिक में धंसी मिट्टी

## कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त, नगर निगम पर उठे सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने गाजियाबाद शहर में तबाही मचा दी। सबसे ज्यादा नुकसान थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में देखने को मिला, जहां मिट्टी धंसने की घटना में कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गौशाला अंडरपास में भारी जलभराव हो गया है, जिससे वह अंडरपास कम और ह्यस्विमिंग पूलह्व अधिक नजर आ रहा है। बारिश के बाद अंसल एक्वापोलिस सिटी प्रोजेक्ट में स्थित एक निमार्णाधीन बेसमेंट में मिट्टी खिसकने से लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस गड्ढे में एक कार गिर गई जबकि आसपास खड़ी अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा, सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी में नाले टूटने से बेसमेंट में पानी भर गया, जिससे वहां के निवासी बुरी तरह परेशान हुए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय अचानक तेज बारिश शुरू हो गई थी। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पूरे क्षेत्र में जलभराव और मिट्टी धंसने की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों ने नगर निगम और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कहा कि समय पर नालों की सफाई और सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। बारिश के चलते कई गाड़ियां या तो पानी में डूब गईं या गड्ढों में फंस गईं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची प्रशासनिक



टीमों ने राहत कार्य शुरू कर दिए हैं और क्षतिग्रस्त सड़कों और नालों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन मॉनसून की एक बारिश ने ही इन दावों की पोल खोल दी है।

# गाजियाबाद नगर निगम की बिल्डिंग में आया करंट, कई लोगों को लगा झटका

## अधिकारी से लेकर कर्मचारी-सब आ गए बाहर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अब इसे संयोग कहिए या कुछ, मूसलाधार बारिश में लोगों को परेशानी से बचाने की जिम्मेदारी जिस पर है, वह ही खुद परेशानी झेल रहा है। हम बात कर रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम की। गाजियाबाद नगर निगम में गुरुवार दोपहर उस समय हडकंप मच गया जब वहां मौजूद लोगों को करंट लगा।





नगर निगम की बिल्डिंग में करंट आ जाने से कई लोगों को तगडा झटका लगा। हालात यह हैं कि सुबह से ही सभी कर्मचारी बिल्डिंग के बाहर खड़े हैं और भीतर जाने से डर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि बारिश के बाद बिल्डिंग की दीवारों और लोहे की रेलिंग में करंट महसूस किया गया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग को अलर्ट किया गया है।

करंट की खबर फैलते ही अधिकारी पहले बिल्डिंग से बाहर निकल गए। अपने काम के सिलसिले में आने वाले लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई। एक ओर जहां बारिश में भींगते हुए नगर निगम पहुंचे, तो वहां जाकर देखा सारे कर्मचार बिल्डिंग से बाहर है। बिजली विभाग के कर्मचारी पूरी बिल्डिंग की वायरिंग चेक कर रहे हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।